राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

जय श्रीराम

# गौरवशाली भारत


वर्ष : 13 , अंक : 189, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 23 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित


RNI No .DELHIN/2011/38334

# अवध में राम आए हैं









## भावुक हुए भक्तगण










## राम मंदिर समाज की परिपक्वता का प्रतीक, यह 'आग' नहीं 'ऊर्जा' दे रहा है : पीएम मोदी

अयोध्या । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव, परिपक्वता और समन्वय का प्रतीक बताते हुए आज कहा कि यह किसी 'आग' को नहीं, बल्कि 'ऊर्जा' को जन्म दे रहा है।

मोदी ने सोमवार को यहां नवनिर्मित भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चिरप्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा पर्व में पूजा अर्चना के बाद वहां देश भर से आमंत्रित संत महात्माओं और समाज के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य



अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा , आज का ये अवसर उत्सव का क्षण तो है ही, लेकिन इसके साथ ही ये क्षण भारतीय समाज की परिपक्वता के बोध का क्षण भी है। हमारे लिए ये अवसर सिर्फ विजय का नहीं, विनय का भी है।


अयोध्या में जन्मभूमि पर मंदिर को लेकर पांच सौ वर्ष से चले आ रहे विवाद की इस सुखद परिणति को 'नये कालचक्र का उद्भव' बताते हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के चबूतरे पर बने मंच से वहां एकत्रित भगवा रंग में रंगे जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा , वो भी एक समय था, जब कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता को नहीं जान पाए।

रामलला के इस मंदिर का निर्माण, भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है।

हम देख रहे हैं, ये निर्माण किसी आग को नहीं, बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है।

राम मंदिर समाज के हर वर्ग को एक उज्जवल भविष्य के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा लेकर आया है।

## अयोध्या में विराजे रामलला



अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो गई है। श्रीराम विग्रह के प्रथम दर्शन भी हो गए। पीएम मोदी ने आरती के साथ पूजा पूरी की, उनके साथ गर्भगृह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे।

### सुबह मंत्रोच्चार से रामलला को जगाया, मंगल ध्वनि से शुरू हुई प्राण-प्रतिष्ठा

सुबह मंत्रोच्चार के साथ रामलला को जगाया गया। इसके बाद वैदिक मंत्रों के साथ मंगलाचरण हुआ। 10 बजे से शंख समेत 50 से ज्यादा वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू हुआ। दोपहर 12.29 बजे प्राण-प्रतिष्ठा की मुख्य विधि शुरू

**12.10 बजे संकल्प के साथ शुरू हुई विधि, आरती के बाद पीएम मोदी ने किया साष्टांग प्रणाम**



हुई। 84 सेकेंड में ही मूर्ति में प्राण स्थापना हो गई। मंत्रोच्चार के साथ श्री रामलला के चरणों में जल छोड़ा, फिर अक्षत और पुष्प चढ़ाए। नैवेद्य लगाकर आरती के साथ पूजा पूरी की। इसके बाद रामलला को साष्टांग प्रणाम किया और संतों का आशीर्वाद लिया।

## श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ ने देश को एक सूत्र में पिरोया : योगी

अयोध्या । श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से अभिभूत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति महायज्ञ न केवल सनातन आस्था व विश्वास की परीक्षा का काल रहा, बल्कि, संपूर्ण भारत को एकात्मकता के सूत्र में बांधने के लिए राष्ट्र की सामूहिक चेतना जागरण के ध्येय में भी सफल सिद्ध हुआ।

योगी ने नव्य दिव्य भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अपने संबोधन की शुरुआत देवभाषा संस्कृत के श्लोक से की। उन्होने कहा रामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीताया: पतये नम: ॥ ।उन्होने लोगों को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की बधाई देते हुये कहा हर मन में राम नाम हैं। हर आंख हर्ष और संतोष के आंसू से भीगा है। हर जिह्वा



राम-राम जप रही है। रोम रोम में राम रमे हैं। पूरा राष्ट्र राममय है। ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि, संभवत: विश्व में पहला ऐसा अनूठा प्रकरण रहा होगा, जिसमें किसी राष्ट्र के बहुसंख्यक समाज ने अपने ही देश में अपने आराध्य के जन्मस्थली पर मंदिर निर्माण के लिए इतने वर्षों तक और इतने स्तरों पर लड़ाई लड़ी हो। सन्यासियों, संतों, पुजारियों, नागाओं, निहंगों, बुद्धिजीवियों, राजनेताओं, वनवासियों सहित समाज के हर वर्ग ने जाति-पाँति, विचार- दर्शन, उपासना पद्धति से ऊपर उठकर राम काज के लिए स्वयं का उत्सर्ग किया। अंतत: आज वह शुभ अवसर आ ही गया कि जब कोटि-कोटि सनातनी आस्थावानों के त्याग और तप को पूर्णता प्राप्त हो रही है। आज संतोष इस बात का भी है कि मंदिर वहीं बना है, जहाँ बनाने का संकल्प लिया था।

उन्होने कहा 500 वर्षों के लबे अंतराल के उपरान्त आज के इस चिरप्रतीक्षित मौके पर अंतर्मन में भावनाएं कुछ ऐसी हैं कि उन्हें व्यक्त करने को शब्द नहीं मिल रहे। मन भावुक है, भाव विभोर है, भाव विह्वल है। निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा ही अनुभव कर रहे होंगे। आज इस ऐतिहासिक और अत्यंत पावन अवसर पर भारत का हर नगर- हर ग्राम अयोध्याधाम है। हर मार्ग श्रीरामजन्मभूमि की ओर आ रहा है।








## रामलला के साथ ही आज भारत का स्व लौटकर आया है : मोहन भागवत

अयोध्या। 500 वर्ष के पराभव काल के कलंक को मिटाकर अयोध्या के भव्य जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम कई मायनों में नए प्रतिमान गढ़ते हुए देश को विश्वगुरू बनाने के नए सोपान की ओर अग्रसर करेगा। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में इसी बात को उल्लेखित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख व सरसंघचालक मोहन राव भागवत ने जनमानस को हर्ष की इस घड़ी में 4 नव प्रण दिलाकर यह आशा जताई कि इनका पालन कर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा होने के भीतर ही भारत विश्वगुरू बनकर पूरी दुनिया में अपनी आभा बिखेरने लगेगा।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज का आनंद शब्दों में वर्णातीत है। आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। संपूर्ण



विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत उठ खड़ा होगा इसका यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम साक्षी बन रहा है। सब में आनंद है, सब में उमंग है। हमने सुना इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पधारने के पूर्व पीएम मोदी ने कठिन व्रत रखा जो कि उनके तपस्वी स्वभाव को दर्शाता है।

श्रीराम अयोध्या से बाहर क्यों गए इसके पीछे कलह कारण था। श्रीराम वनवास में गए और पूरी दुनिया का कलह मिटाकर लौटे। आज 500 वर्ष बाद श्रीराम फिर लौटे हैं। रामलला के इस युग में फिर लौट के आने का प्रकरण जो भी आज श्रवण कर रहा है उसका कल्याण निश्चित है। उन्होंने कहा, दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज काहु नहीं व्यापा...सब नर करहिं परस्पर प्रीति, चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीति। कहा कि रामराज्य के सामान्य नागरिकों का जो वर्णन है वह अब हमारे व्यवहार से साकार हो सकता है। संयमित व्यवहार की तपश्चर्या हम सबको करनी होगी। हमें क्लेश-कलह नहीं बल्कि उच्च आचरण से देश की तरक्की में योगदान देना होगा।

श्रीमद्भागवत में धर्म के जो चार चरण बताए गए हैं उनका हमें पालन कर इस ब्रह्म सत्य को अंगीकार करना होगा। हम सबसे हैं और सब हमारे हैं, इसे मानने से ही हम सत्य का आचरण कर सकेंगे। दूसरा चरण है करुणा का, जिसके जरिए हमें समाज में सभी की सेवा करनी है।

नई दिल्ली
मंगलवार 23 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### राम मंदिर के सीधे प्रसारण के लिए पुलिस की अनुमति की आवश्यकता नहीं : तमिलनाडु सरकार

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को मद्रास उच्च न्यायालय को सूचित किया कि अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निजी स्थानों, मंदिरों और अन्य स्थानों पर सीधा प्रसारण, भजन गायन और अन्नधनम (मुफ्त भोजन) देने के लिए पुलिस से अनुमति लेने की कोई आवश्यकता नहीं है। राम मंदिर प्रतिष्ठापन की सीधा प्रसारण पर पुलिस द्वारा प्रतिबंध लगाने के खिलाफ दायर रिट याचिका पर सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति आनंद वेंकटेश के चेंबर में आयोजित विशेष बैठक में अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) ए.दामोधरन ने बताया कि भजन गायन के लिए पुलिस की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। निजी मंदिरों, मंडपों या ऐसे अन्य स्थानों पर अन्नधनम या राम लला प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण पर किसी तरह की कोई रोक नहीं लगाने की बात कही गयी। दामोधरन ने बताया कि आयोजकों को बस पुलिस को कार्यक्रम के बारे में सूचित करना था ताकि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त बल तैनात किया जा सके। उन्होंने न्यायमूर्ति वेंकटेश को बताया कि कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस केवल संवेदनशील स्थानों पर प्रतिबंध लगाएगी।

### सिंह ने कार्मिकों सहित अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को देखा लाइव

देहरादून। अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्तराखंड के देहरादून स्थित राजभवन के ऑडिटोरियम में राम भजन संध्या आयोजित की गई। इस भजन कार्यक्रम में लक्ष्मी दास व उनकी टीम द्वारा राम भक्ति पर आधारित अपने भजनों से उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। वहीं इस अवसर पर राजभवन में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह सहित राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजन प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साक्षी बने। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक और आनन्दमयी पल है, जो कालखण्ड का बदलाव करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस प्रकार भारत को विकसित राष्ट्र, विश्व गुरु और सर्वश्रेष्ठ बना सके। उन्होंने कहा कि आज राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होना, भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है। आखिरकार, आज समूचा राष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना है। अयोध्या में श्री राम मंदिर का उद्घाटन, आज का आयोजन करोड़ों देशवासियों के लिए बहुत अविस्मरणीय पल है।

### यज्ञ करने के बाद धामी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के किए वर्चुअल दर्शन

देहरादून। अमरत्व प्राप्त देवताओं में से एक श्री अश्वत्थामा जी की जन्म स्थली उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित टपकेश्वर मन्दिर से सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल रूप से सपरिवार अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दर्शन किए। धामी ने इस दौरान, यज्ञ किया और प्रभु श्रीराम से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के बाल रूप विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद टपकेश्वर में भक्तजनों को प्रसाद वितरण भी किया। धामी ने कहा कि आज हम सब प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं। यह हर्ष- उल्लास और देश को गौरान्वित करने वाला क्षण है। आज का यह दिन प्रभु श्री राम के न्याय और नैतिकता, सत्यनिष्ठा, साहस, शालीनता और करूणा के भाव को अपने जीवन में लाने के लिए संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि संतो की तपस्या, कार सेवकों के बलिदान, करोड़ों सनातनियों की प्रतीक्षा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रबल इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप आज अयोध्या में श्री रामलला अपने भव्य एवं दिव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं। आज का यह स्वर्णिम अवसर हम सभी के जीवन में परम सौभाग्य लेकर आया है।

### प्राण प्रतिष्ठा मोहत्सव के उपलक्ष्य में महावीर मंडल राँची ने महाप्रसाद का वितरण किया

रांची। श्री जन्मभूमि अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा मोहत्सव के उपलक्ष्य में महावीर मंडल राँची ने आज यहां भव्य पूजा अर्चना कर महाप्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय स्वमसेवक संघ के झारखंड प्रान्त प्रचारक गोपाल शर्मा एवं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दीप प्रज्वलित के पश्चात भजन कीर्तन कर किया। मरांडी जी ने पूरे राज्य वासियो को स्थापना मोहत्सव की हार्दिक बधाई दी। महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि सभी राम भक्तो से 22 जनवरी 2024 को जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा मोहत्सव के अवसर पर श्री महावीर मंडल राँची के द्वारा बड़ा तालाब प्रांगण में भव्य पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के पश्चात महाभोज वितरण किया गया जिसमे हज़ारो की संख्या में राम भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत मंत्री बीरेंद्र साहू, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, विश्व हिन्दू परिषद झारखंड प्रान्त सह प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन, महावीर मंडल हिंदपीढ़ी के रमेश केडिया शामिल थे।

### शिक्षा समिट भी श्रीराम के रंग में नजर आया

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित जयपुर एजुकेशन समिट-2024 के तीसरे दिन सोमवार को मंच से लेकर श्रोता श्रीराम के रंग में रंगे नजर आये और इस दौरान राम की तरह बनने और उनके आदर्शों पर चलने की सीख दी गई वहीं राम को मर्यादा का प्रतीक एवं उनके जीवन को संविधान सम्मत आचरण करने का श्रेष्ठ उदाहरण बताया गया। एस एस जैन सुबोध लॉ कॉलेज में पांच दिवसीय एजुकेशन समिट में वक्ताओं ने यह सीख दी। इस अवसर पर टॉक शो में साइन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल भावना विकास चौधरी ने कहा कि श्रीराम अग्नि और जल का प्रतीक है। यहां अग्नि से मतलब ऊर्जा से है। हर एक व्यक्ति को श्रीराम का अनुसरण करते हुए एक अग्नि की तरह ऊर्जावान और जल की तरह प्रतिदिन निरंतरता का पालन करना चाहिए वहीं योग गुरू डॉ.आलोक खन्ना ने कहा कि उनके अंदर जो आध्यात्मिक ज्योति जल रही है, वही श्रीराम है। एस.एस जैन सुबोध लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ गौरव कटारिया ने कहा कि पूजा करते समय सिर झुकाना सीखते हैं और यही विनयशील होने का आधार है वहीं मिशन फार्मर साइंट्स्ट परिवार के फाउंडर डॉ. महेंद्र मधुप ने बताया कि श्रीराम के आदर्शों को कथा में नहीं बल्कि जीवन शैली में अपनाना आवश्यक है। सायक्लोजी एक्सपर्ट विभा शाह ने कहा कि अनुशासन और आदर्श का नाम ही श्रीराम है।

### श्रीराम के आदर्शों पर चलकर संवारेंगे छत्तीसगढ़

जांजगीर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा हैं कि श्रीराम के आदर्शों पर चलकर राज्य को संवारेंगे। साय जिले के प्रसिद्ध धर्मस्थान शिवरीनारायण में अयोध्या में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने के बाद कहा कि श्रीराम के आदर्शो पर चलकर हम छत्तीसगढ़ संवारेंगे।उन्होने कहा कि यह हम सबके लिए यह ऐतिहासिक क्षण है कि हम अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर सुंदर संबोधन भी दिया है और माता शबरी के धैर्य के माध्यम से हमें सीख दी है। उन्होने कहा कि हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं कि हमने श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तार से देखा। भगवान श्रीराम की अलौकिक बाल प्रतिमा का दर्शन हुआ। हम सब अभिभूत हुए। यह खुशी का क्षण इसलिए भी है कि हमने यह सब माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण की पावन भूमि में देखा। एक पावन भूमि में हमने एक और पवित्र भूमि में होने वाले अद्भुत प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखा। साय ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य इसलिए भी बहुत बड़ा है कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। माता कौशल्या की जन्मभूमि है। आज केवल भारत ही नहीं, पूरी दुनिया राममय हो गई है। दुनिया भर में सब अलग-अलग तरह से खुशियों की अभिव्यक्ति कर रहे हैं।

# ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

**6 आरोपी गिरफ्तार, ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से खिलाते थे सट्टा**

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने जालसाजी व धोखाधड़ी कर ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के कब्जे से चार लैपटॉप, 21 मोबाइल फोन, 5 पासबुक ,31 चेक बुक, 49 एटीएम कार्ड, 7 फर्जी आधार कार्ड, दो डायरी व 4 रजिस्टर बरामद किए हैं।



थाना बादलपुर पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम खेडा धर्मपुरा में आरोपी प्रिन्स शर्मा के घर से आनलाईन सट्टा लगाने व खिलाने वाले गिरोह के रविन्द्र कुमार, पंकज कुमार, राजन सिंह, रोहित शर्मा, अभिषेक कुमार व सचिन कुमार को ग्राम खेडा धर्मपुरा से गिरफ्तार किया गया है। मौके से आरोपी प्रिन्स शर्मा फ़रार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी शातिर किस्म के सट्टेबाज है, जिनके द्वारा गिरोह बनाकर एक बेबसाईट के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक उपकरणों का उपयोग कर आनलाईन सट्टा खेलने व खिलाने का काम किया जाता है।

#### सट्टा वेबसाइट पर आनलाईन सट्टा खिलवाते हैं

आरोपियों ने पूछताछ करने पर बताया गया किएक सट्टा वेबसाइट पर आनलाईन सट्टा खिलवाते है, इस वेबसाइट को सुभाष चन्द्रा जो भिलाई छत्तीसगढ का रहने वाले है, वहीं आपरेट करता है, उसी के द्वारा हमे कस्टमरो को आनलाईन सट्टा खिलवाने के लिए यूजर आईडी पासवर्ड दिए गए है।

#### कुछ कस्टमर बड़ी रकम भी लगाते हैं

उन्होंने आगे बताया कि वेब साईट में क्रिकेट, फुटबाल, टेनिस आदि खेलो पर सट्टा लगाया जाता है तथा इसी सट्टे की साईट पर कसीनो भी खिलाया जाता है। तथा कस्टमर हमारी साईट पर आनलाईन साईनअप करके लोगिन आईडी पासवार्ड बनाते है। तथा सट्टा लगाने के लिए कम से कम 300 रूपये इस वेब साईट में जमा करने पड़ते हैं, जिसका लिंक हमारे बैंक खातो से रहता है तभी आनलाईन सट्टा लगाया जाता है तथा कुछ कस्टमर बड़ी रकम भी लगाते हैं। जब वे हार जाते हैं तो ये पैसा हमारा हो जाता है और इस पैसो को हम खातो से निकाल लेते है तथा आपस में बाँट लेते है। और बचत का कुछ हिस्सा सुभाष चन्द्रा को भी जाता है।

इस काम के लिए हम फर्जी तरीके बैंक खाते खुलवाते है और गरीब लोगो को रूपयो को लालच देकर उनके खाते खुलवाकर उनकी पास बुक, चैक बुक तथा एटीएम कार्ड अपने पास रख लेते है तथा खातो में अपने मोबाईल नम्बर रजिस्टर कराते है क्योंकि जब कोई पैसे का लेन-देन खाते में आता है तो मैसेज हमारे ही नम्बर पर आ जाता है। जिसको हम पढ़कर कस्टमर को हमारी साईट का साईनअप के बाद लोगिन पासवर्ड सट्टा खेलने के लिए दे देते है। उसके बाद जब कस्टमर जीत जाता तो हम उसको रेट के हिसाब से कुछ पैसे काटकर दे देते है और जब कस्टमर हार जाता है तो उसका पैसा हम इन बैंक खातो के माध्यम से निकाल लेते है और साथ ही हम फर्जी काल करके लोगो के साथ ठगी भी करते है।

# किसान प्राधिकरण की करेंगे घेराबंदी



**24 को एनटीपीसी और प्राधिकरण की निकाली जाएगी अर्थी, मटकी फोड़ करेंगे अंतिम संस्कार**

नोएडा। भारतीय किसान परिषद के तत्वावधान में किसानों का धरना आज 42 वें दिन भी जारी रहा। प्राधिकरण पर कल भी संपूर्ण लॉकडाउन रहेगा। इसके बाद यहां सैकड़ों की संख्या में किसान प्राधिकरण की परिक्रमा करेंगे। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर ख़लीफ़ा ने स्पष्ट कहा कि जब तक हमारा हक नहीं मिलेगा प्राधिकरण पर संपूर्ण तालाबंदी रहेगी। किसी को अंदर जाने नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा एनटीपीसी पर भी धरना जारी है।

सुखवीर ख़लीफ़ा ने कहा कि मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी न खुले इसके लिए रातभर चौकसी की जाएगी। इसके सभी तीनों गेट बंद किए गए है। इसके अलावा एक मुख्य गेट है। जिस पर पुलिस का सख्त पहरा है। इस गेट सिर्फ अधिकारी ही अंदर जा पा रहे है। बाकी कोई भी पब्लिक डीलिंग प्राधिकरण में नहीं होने दी जाएगी। ये संपूर्ण लॉकडाउन जारी रहेगा।

वहीं किसान परिषद ने सर्वसम्मति से फैसला लिया 24 जनवरी को एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव के किसान व नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित 81 गांवों के किसान स्पाइस मॉल पर एकत्रित होकर नोएडा प्राधिकरण व भ्रष्टाचारी एनटीपीसी पर मटका फोड़ कर विरोध करेंगे। इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। सुखवीर ने कहा कि ये दोनों ही किसानों की मांगों को लेकर कुछ भी नहीं कर रही है। ऐसे प्राधिकरण और एनटीपीसी की अब अर्थी उठाकर उनका अंतिम संस्कार ही किया जाएगा।

## तलवंडी राणा बाइपास पर धरने पर बैठे ग्रामीणों ने मंत्री से लगाई गुहार

एजेंसी

हिसार। पिछले लगभग एक साल से हरियाणा के हिसार जिले में तलवंडी राणा बाईपास पर धरने पर बैठे ग्रामीणों ने सोमवार को हरियाणा के मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से गुहार लगायी।

डॉ. गुप्ता एक कार्यक्रम में आये थे। ग्रामीणों ने उनका काफिला रुकवाकर उन्हें धरनास्थल पर ले गये।

धरने का नेतृत्व कर रहे एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने तलवंडी राणा का रोड बंद करने से ग्रामीणों को आ रही भारी परेशाानियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि सरकार की तरफ से अभी तक स्थायी रोड के रूप में ग्रामीणों को केवल 2.6 कि.मी. का रोड ही दिया गया है, जिस पर काम चालू हुआ है लेकिन बाकी बचे लगभग तीन कि.मी. के रोड के संबंध में अभी तक कोई कार्यवाही चालू नहीं हुई है। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह बाकी बचे रोड को बनवाने के लिए अपने स्तर पर ऊपर बात करेंगे और समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे।

## गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल को लेकर रूट डायवर्ट

**दिल्ली में माल वाहक वाहनों की एंट्री पर लगी रोक, सहयता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी**

नोएडा। दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर फुल ड्रेस परेड रिहर्सल व परेड के अवसर आज रात 10 बजे से 23 जनवरी कार्यक्रम समाप्ति तक और 25 जनवरी से रात 10 बजे से 26 जनवरी 2024 में कार्यक्रम समाप्त होने तक गौतमबुद्धनगर से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले माल वाहक (भारी, मध्यम व हल्के) वाहनों का सुरक्षा के दृष्टिकोण से दिल्ली राज्य में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह वाहन निम्नांकित मार्ग का प्रयोग




कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। असुविधा होने पर हैल्प लाइन नंबर 9971009001 पर सम्पर्क कर सकते है।

#### रात 10 बजे के बाद इस मार्ग का करे प्रयोग

चिल्ला रेड लाइट (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। डीएनडी (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन डीएनडी टोन प्लाजा से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। कालिंदी कुंज यमुना (बॉर्डर) से दिल्ली राज्य में प्रवेश कर अन्यत्र जाने वाले वाहन यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किये जायें गे, जो नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

## कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी, न्यूनतम तापमान में गिरावट

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कश्मीर घाटी में कड़ाके की ठंड जारी है और न्यूनतम तापमान ओर भी नीचे गिरने से शीत लहर का प्रकोप तेज हो गया है।



श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.3 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में शून्य से नीचे 6.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के पुलवामा और शोपियां जिले सबसे ज्यादा ठंड रही, जहां आज न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने कहा कि शहर में तापमान सामान्य शून्य से नीचे 2.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 3.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

शुष्क मौसम की स्थिति के बीच श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में दिन में गर्मी जैसा मौसम का अहसास किया जा रहा है, क्योंकि सर्दियों के 'चिलिया कलां' में सूरज दिखाई देता है। श्रीनगर में एक दिन पहले अधिकतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के 6.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 6.1 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

पर्यटन स्थल पहलगाम सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पिछली रात के तापमान शून्य से नीचे 6.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से नीचे 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में चरवाहों की घाटी में यह अभी भी सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस ऊपर था।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड का तापमान एक दिन पहले के शून्य से नीचे 5.0 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया गया। जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में पिकनिक स्पॉट पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह तापमान शून्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था।

## गर्ग ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने सोमवार को गेयटी थिएटर में 25 जनवरी को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्य अतिथि होंगे। गर्ग ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करवाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त, पोस्टर मेकिंग, गायन और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता और पोल डे मॉनिटरिंग सिस्टम (पीडीएमएस) 2.0 का शुभारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके पश्चात, मुख्य निर्वाचन आयुक्त का सन्देश प्रसारित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान मतदान को बढ़ावा देने के लिए गेयटी थिएटर के सामने सिग्नेचर वाल और सेल्फी पॉइंट बनाया जायेगा।

इस दौरान बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आईटीआई शिमला के प्रशिक्षुओं द्वारा निर्वाचन साक्षरता क्लब पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी।

### धामी ने किया कैलेंडर का विमोचन

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने शासकीय आवास में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग के वार्षिक कैलेंडर 'सशक्त नेतृत्व, समृद्ध उत्तराखंड' का विमोचन किया। इस वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से उत्तराखंड के सभी 13 जनपदों के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों, स्थानीय उत्पादों, प्राकृतिक सौन्दर्य, पौराणिक स्थलों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया। वार्षिक कलेण्डर के माध्यम से राज्य की पर्यटन नीति, सौर ऊर्जा नीति, सशक्त महिला समृद्ध प्रदेश, युवाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं निवेश-रोजगार-समृद्धि के लिए सरकार द्वारा किये गये कार्यों की ओर लोगों के ध्यान आकर्षण के प्रयास किये गये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गये नौ संकल्पों को राज्य स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए कार्यों में तेजी लाई जाए। जल संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं और इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनीतिक दलों के साथ बैठक

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सिबिन सी. द्वारा सोमवार को पंजाब की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक की गयी।

बैठक के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पंजाब राज्य की फोटो वोटर सूचियों (बिना फोटो) की सीडी दी गयी। सिबिन सी. ने बताया कि फोटो वोटर सूची की हार्ड कॉपी (फोटो सहित) जिला चुनाव अधिकारी-कम -डिप्टी कमिश्नर, चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों एवं बीएलओ के पास देखने के लिए उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 को मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन तक पंजाब में कुल मतदाताओं की संख्या दो करोड़ 12 लाख 31 हजार 916 है, जिनमें से पुरुष 1,11,75,220, महिला 1,00,55,946 थर्ड जेंडर 750, एनआरआई 1595, दिव्यांग मतदाता 1,65,410 और सर्विस मतदाता 1,06,635 हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24,433 है। जिसमें शहरी मतदान केंद्रों की संख्या 7648 और ग्रामीण मतदान केंद्रों की संख्या 16,785 है। मतदाताओं की सुविधा के लिये सभी मतदान केंद्र ग्राउंड फ्लोर पर बनाए गए है।किसी भी वोटर को मतदान करने के लिए मतदान केंद्र की दूरी दो किमी से अधिक नहीं रखी गयी।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि ईवीएम जागरूकता और मतदान टर्नआउट बढ़ाने के लिए 3 वैन चलायी गयी है। इन वैनों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को ईवीएम/वीवीपैट मशीनों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करें ताकि चुनाव पारदर्शी तरीके से पूरे हो सके। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी भारत भूषण बांसल और निर्वाचन अधिकारी अंजू बाला भी मौजूद रहीं।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, सूची में 21373 नये मतदाता जुड़े

जालंधर। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज जिला प्रशासनिक परिसर में किया गया जिसके अनुसार जिले में अब कुल 16 लाख 38 हजार 712 मतदाता हैं। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने अंतिम प्रकाशन के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त मतदाता सूची की हार्ड और सॉफ्ट कॉपी सौंपी। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जिले में कुल 16,38,712 मतदाता हैं, जिनमें 21,373 नये मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुल मतदाताओं में 8,52,546 पुरुष, 7,86,122 महिला और 44 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। नयी मतदाता सूची के अनुसार, जिले में 74 एनआरआई को विदेशी मतदाता के रूप में पंजीकृत किया गया है, इसके अलावा 9851 विशेष रूप से विकलांग मतदाता, 18-19 वर्ष की आयु के 38790 मतदाता और 80 वर्ष से अधिक आयु के 35323 मतदाता हैं। इसके अलावा सर्विस वोटर लिस्ट का भी प्रकाशन किया गया, जिसके अनुसार जिले में 1841 सर्विस वोटर हैं। सारंगल ने बताया कि भारत चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण के संबंध में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 27 अक्टूबर, 2023 को किया गया था, जिस पर 31 दिसंबर, 2023 तक दावे व आपत्ति फार्म प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के अधिकारियों के माध्यम से दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 4-5 नवंबर और 2-3 दिसंबर को विशेष शिविर भी आयोजित किये गये थे।

### आंध्र, यनम में हल्की से मध्यम बारिश के आसार

अमरावती। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अगले चार दिनों के दौरान एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। यहां एक दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले सात दिनों के दौरान दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में और 26, 27 और 28 जनवरी को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में शुष्क मौसम रहने के आसार हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यनम और रायलसीमा में शुष्क मौसम बना रहा।

## भगवान राम का सार हर जगह एक समान : सिद्दारमैया

बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को कहा कि भगवान राम का सार हर जगह एक समान है और अयोध्या का राम मंदिर राजनीतिक लाभ लेने के लिए नहीं बल्कि भगवान राम के प्रति सच्ची भक्ति के लिए बनाया गया है।

सिद्दारमैया ने हिरेनहल्ली में भगवान राम और हनुमान को समर्पित एक मंदिर का उदघाटन करने के बाद संवाददाताओं से कहा, श्री रामचन्द्र को किसी भी राजनीतिक दल के एजेंडे तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। हम इस कथन का खंडन करते हैं कि हम श्री राम के खिलाफ हैं। हम भगवान राम और लक्ष्मण के प्रति भी समर्पित हैं।

उन्होंने कहाकि कांग्रेस पार्टी भगवान राम के नहीं बल्कि उनके भक्तों के खिलाफ है।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर असम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की शांतिपूर्ण पदयात्रा में बाधा डालने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि गांधी को वैष्णव संत के जन्मस्थान, असम के बताद्रवा थान में स्थित श्रीमंत शंकरदेव के मंदिर में प्रवेश से वंचित कर दिया गया।

नई दिल्ली
मंगलवार 23 जनवरी 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की कोतवाली बीटा-2 थाना पुलिस और राहगीरों को अपनी गाड़ी में जबरदस्ती बिठाकर मारपीट करने और लूटपाट करने वाले गिरोह के बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस से हुई मुठभेड़ के बाद घायल हुए धर्मपाल और मोहित को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, तीसरे बदमाश अनुराग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि यह तीनों बदमाश बलेनो कार से सड़क पर घूमते रहते थे और राहगीरों को अपना शिकार बनाते थे। जबरन उन्हें अपने कार में बिठाकर मारपीट करते और पीड़ित का मोबाइल फोन, आधार कार्ड और डेबिट कार्ड छीन कर मोबाइल फोन से उसके खाते से पैसे अपने बैंक में ट्रांसफर कर लेते थे और फिर उसे सड़क पर फेंक कर भाग जाते थे। एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि बदमाशों ने 21 जनवरी को सुबह होंडा चौक पर खड़े युवक से मारपीट कर 42 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए थे और पीड़ित के दोस्तों को फोन कर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर से 20 हजार और पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद और पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर सड़क पर फेंक कर भाग गए थे।

### कुत्ते के गले में श्रीराम पटका डालने वाला गिरफ्तार

गाजियाबाद। कौशांबी थाना पुलिस ने वहाब नामक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने वहाब खां नामक शख्स को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ये शख्स कुत्ते के गले में श्रीराम नाम का पटका डालकर घुमा रहा था। इससे माहौल खराब होने का अंदेशा था। ऐसी शिकायतें आने पर उसको गिरफ्तार कर लिया गया है। इंदिरापुरम क्षेत्र के एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया, सोमवार शाम थाना कौशांबी को डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि वैशाली चौकी क्षेत्र में धर्म विशेष के व्यक्ति द्वारा एक कुत्ते के बच्चे के गले में राम नाम की पट्टिका डालकर उसको घुमाया जा रहा है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कौशांबी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो शिकायत सही पाई गई। तत्काल ही उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए आरोपी की पहचान वहाब के रूप में हुई। ये मूल रूप से मेरठ का रहने वाला है और वैशाली में अपने रिश्तेदार के साथ पनीर बेचने का काम करता है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के इस कृत्य से माहौल खराब हो सकता था। इसलिए उसकी गिरफ्तारी हुई है।

### 8 घंटे में पेट से निकाला 25 लाख का सोना

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पुलिस ने सोने के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों 400 ग्राम सोने की गोलियां पेट में डालकर सऊदी से लाए थे। रामनगर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे, तभी क्राइम ब्रांच की टीम ने शक होने पर दोनों को पकड़ लिया। फिलहाल दोनों आरोपी गाजियाबाद के MMG अस्पताल में भर्ती हैं। उनके पेट से सोने की गोलियां निकालने की प्रक्रिया चल रही है। अभी तक 8 घंटे में 10 गोलियां निकाली जा चुकी हैं। एक तस्कर के पेट में अभी 3 गोलियां रह गई हैं, उसे भी निकालने की कोशिश की जा रही है। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया, पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामपुर के टांडा क्षेत्र के रहने वाले नदीम और फुजैल के रूप में हुई है। नदीम बीते कई साल से सोना तस्करी काम में लगा हुआ है, जबकि फुजैल रामपुर में ही बिरयानी का ठेला लगाता है। दोनों सऊदी अरब से फ्लाइट से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से ट्रेन पकड़ी और दिल्ली आ गए। यहां से वे फिर बस से गाजियाबाद आए। रामपुर जाने वाली बस का इंतजार कर रहे थे। उसी वक्त पुलिस को उनके बारे में सूचना मिल गई। उसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों के पेट का एक्स-रे कराया गया तो पेट में कुछ वस्तु होने की जानकारी मिली।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चाय फ्री




गाजियाबाद। रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में गाजियाबाद के एक चाय बेचने वाले ने बड़ा दिल दिखाते हुए चाय फ्री कर दी है। सुबह से ही यह चाय वाला लोगों को फ्री में चाय पिला रहा है। सड़क पर ठेली लगाकर चाय बेचने वाले इस शख्स ने बैनर भी लगाया और भजन बजा रहा है। इसने 5 हजार चाय पिलाने का लक्ष्य रखा है। गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर 5 में हिमांशु त्यागी की चाय की दुकान है। इस चाय की दुकान से अपने परिवार का हिमांशु भरण पोषण करता है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है, इस खुशी में इस राम भक्त ने अपनी दुकान पर बैनर लगाया और भगवान श्री राम के आगमन को लेकर चाय फ्री कर दी। हिमांशु का कहना है कि पूरे दिन 5000 से ज्यादा लोगों को इन्होंने चाय पिलाने का लक्ष्य रखा है। उनकी इस पहल को देखकर चाय पीने आ रहे लोग इनकी राम भक्ति पर गर्व कर रहे हैं। दुकान पर भजन भी बज रहे हैं और चाय पीने आ रहे लोग जय श्री राम का नारा लगा रहे हैं।

### स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश पर ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर 90 लाख रुपये ठगे

इंदिरापुरम। कोतवाली क्षेत्र में युवक को स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश पर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगों ने 90 लाख रुपये की ठगी कर ली। फेसबुक पर बातचीत के बाद ठगों ने उन्हें एचआईजी कैपिटल इन्वेस्टमेंट ग्रुप और स्टॉक अकेडमी ज्वाइन कराई थी। आरोप है कि एक करोड़ तीन लाख निवेश करने पर सिर्फ 13 लाख रुपये खाते में आए। इंदिरापुरम पुलिस ने ठगी का मुकदमा दर्ज कर ठगों के खाते की डिटेल खंगालनी शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर-6 की गौतम सहकारी आवास समिति में रहने वाले रोहित गर्ग ने शिकायत दी कि 20 नवंबर को फेसबुक के जरिये एचआईजी कैपिटल इन्वेस्टमेंट ग्रुप, एमएम करीस स्टॉक अकेडमी का नाम लेकर युवकों ने बात की थी। उन्हें स्टॉक ट्रेडिंग में निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा कमाने की योजना बताई थी फिर अलग-अलग अकाउंट बनाकर उन्हें टास्क दिया। वह इन लोगों की बातों में फंस गए और धीरे-धीरे अलग-अलग तारीखों में 10 हजार से लेकर पांच लाख रुपये तक का निवेश कर कुल एक करोड़ तीन लाख रुपये की ट्रंजेक्शन कर दी। इस बीच पंकज गुप्ता, प्रिया पटेल, अर्जुन कपूर और ईशान ने उनसे बातचीत की और आगे भी टास्क पूरे करने के लिए कहा।



क्रॉसिंग रिपब्लिक,गाजियाबाद के महागुण मरकट सोसायटी से श्रीराम शोभा यात्रा निकाली गई

# प्राण प्रतिष्ठा पर 'आप' ने जगह-जगह किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन




नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह-जगह सुंदरकांड, भंडारा, शोभायात्रा, आरती समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र नयी दिल्ली में आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेकर पूर्जा अर्चना की और लोगों की सुख-शांति, समृद्धि और विकास की कामना की। इस दौरान उन्होंने आरके आश्रम मार्ग स्थित अल्बर्ट स्क्वायर में रामलला की मूर्ति स्थापना भी की।

केजरीवाल ने दिल्ली समेत सभी देशवासियों को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दिल्ली के अलग-अलग इलाक़ों में आयोजित हुए भंडारों में शामिल हुआ। अयोध्या में बहुत अधिक वीआईपी के आवागमन के कारण हम लोग वहां नहीं जा पाए लेकिन हम अपने-अपने तरीके से प्रभु श्रीराम की भक्ति कर रहे हैं।

उन्होंने आरके आश्रम मार्ग में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की सभी रामभक्तों को बधाई देते हुए कहा कि पिछले दिनों हम लोगों ने दिल्ली के कई इलाकों में सुंदरकांड का पाठ कराया था। रोहिणी में आयोजित सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में सपत्नी गया था। आम आदमी पार्टी ने तय किया है कि अब हर महीने के पहले मंगलवार को पूरी दिल्ली में जगह-जगह सुंदरकांड का पाठ कराया जाएगा।

केजरीवाल ने आगे कहा कि हमारी सरकार 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करवाती है। हम द्वारकाधीश, शिरडी, रामेश्वरम्, पुरी, हरिद्वार, ऋषिकेष समेत 12 तीर्थ स्थानों पर लेकर जाते हैं। अभी तक दिल्ली से 87 ट्रेन जा चुकी हैं और उसमें करीब 82 हजार लोग अभी तक तीर्थयात्रा करके आ चुके हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यहाँ शेख सराय में आयोजित सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के सभी मंत्रियों, विधायकों और पार्षदों ने अपने-अपने स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र में शोभायात्राओं और भंडारे का कार्यक्रम रखा। सभी लोग अपनी-अपनी श्रद्धा से भगवान श्रीराम को अपनी भक्ति अर्पण कर रहे हैं। यह सभी के लिए बड़े हर्षोल्लास की बात है और जिसकी जैसी सहूलियत है, सब अपने-अपने स्तर पर जगह-जगह पर भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं।

आप की वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कालकाजी में विधिवत श्रीराम पूजा-स्तुति व हवन के कहा कि आज रामलला की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है जो पूरे देशवासियों के लिए बहुत बड़ा दिन है। हम यह उम्मीद करते हैं कि आज अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा तो हो ही रही है, साथ ही हम सभी के दिलों में, हमारी अंतरात्मा में भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हो। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उन्होंने पूरे विश्व को जीने का सही तरीक़ा सिखाया है।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया






सूर्या हाईट सोसाइटी चिपियाना बुजुर्ग ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सूर्या हाईट समिति प्रांगण में भगवान श्री राम का चलचित्र मंदिर बनाकर उस पर दीप प्रज्वलित किया गया और पूरी सोसाइटी हर्षोल्लास के साथ आज का दिन भगवान श्री राम के गुण गाए, पूरा देश आज भगवान श्री राम को याद करके अपने घरों में दीपक जलाए झंडा लगाऐ आज का दिन ऐतिहासिक दिन है जिसमें समाज के सभी लोग एकजुट होकर पूरे हर्षोल्लास के साथ इस आयोजन को अपने-अपने क्षेत्र में मनाया हमारे समिति के पदाधिकारी गढ़ माननीय अध्यक्ष महोदय श्री देवदत्त चौधरी जी के द्वारा इस आयोजन को सफल बनाया गया

## दिल्ली के आर्य समाजों में राम मंदिर उद्धघाटन समारोह मनाया गया





**नई दिल्ली।** दिल्ली के विभिन्न समाजों मे मुख्यतः आर्यसमाज करोल बाग, आर्यसमाज डोरी वालान, आर्यसमाज माडल बस्ती, विकास पुरी, हनुमान रोड, आर्यसमाज रानी बाग़ , आर्यसमाज अशोक विहार फेज 1, आर्यसमाज सागरपुर ,आर्यसमाज खजूरी ख़ास,आर्यसमाज पंचदीप , सम्राट एनक्लेव पीतम पूरा आर्यसमाज राम कृष्ण पुरम सेक्टर-9 आर्यसमाज कीर्ति नगर द्य आर्य केन्द्रीय सभा दिल्ली के उपप्रधान व करोल बाग समाज के प्रधान कीर्ति शर्मा ने बताया कि इन समाजो में प्रातः यज्ञ आयोजित किए। तत्पश्चचात भजन, प्रवचन तथा सार्वजनिक प्रसाद लंगर का वितरण किया। लगभग 25000 लोगों ने विभिन्न समाजों में लंगर ग्रहण किया। आर्य समाज डोरीवालान के प्रधान वागीश ईसर ने आर्य बन्धुओं से संकल्प करवाया की सभी मर्यादा पुरुषोतम श्री राम द्वारा स्थापित मुल्यों और आदर्शो को अपने जीवन मे उतारने का प्रयास करेंगे ताकि श्रेष्ठ समाज व राष्ट्र की स्थापना हो सके।

## कार में जिंदा जलकर युवक की मौत

नोएडा। नोएडा में सोमवार तड़के एक कार डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान कार में भीषण आग लग गई। ड्राइवर कार से बाहर नहीं आ सका। उसकी जलकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कार नंबर के आधार पर शव की पहचान की गई। परिजनों से संपर्क किया गया है। मृतक की पहचान साहित मोडेम (30) साल हुई है। युवक जेएम आरोमा सेक्टर-95 सोसाइटी का रहने वाला था। वह निजी कंपनी में काम करता था। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा श्री हृदयेश कठेरिया ने बताया कि थाना फेस-3 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 59 मेट्रो स्टेशन के नीचे यू टर्न पर जा रही कार (गाड़ी संख्या यूपी 16 बी के 9331, टोयोटा कोरोला ऑल्टिस पेट्रोल) में आग लग गई थी। घटना सुबह करीब साढ़े चार बजे के आसपास की है। जानकारी मिलते ही थाना फेज-3 एसएचओ और दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग इतनी तेज थी चालक उससे बाहर नहीं आ सका।

# अयोध्या में आज श्रीराम पधारे





गौतमबुद्धनगर। सोमवार को प्रभु श्रीराम लला जी के विराजमान होने के पावन एवं मंगलमय अवसर पर माननीय सांसद डा. महेष शर्मा गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में पांचो विधानसभाओं (सैक्टर 15 क्लब, सनातन धर्म मंदिर, नोएडा, षिव मंदिर धर्मषाला जीटी रोड, सैक्टर -जू-1, जेपी अमन सैक्टर 151, दादरी, श्री द्रोणाचार्य मंदिर दनकौर, ग्राम भोला भाईपुर षिव मंदिर जेवर, प्राचीन षिव मंदिर, काली मंदिर, भजन लाल मंदिर, सिकन्द्राबाद, सिद्धेष्वर मंदिर खुर्जा) में हर्षोल्लास के साथ भव्य एवं दिव्य दिवस को मनाया एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर-कमलों द्वारा प्रभु श्रीराम लला के अभूतपूर्व कार्यक्रम को क्षेत्रवासियों के साथ देखने का अवसर मिला।

माननीय डा. महेष शर्मा जी ने अपने संबोधन में कहा कि 22 जनवरी 2024 यह एक ऐतिहासिक दिन के रूप में जाना जायेगा। आज पूरा देष हर्षोल्लास में है क्योकि आज आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नतृत्व में हमसभी सनातनी 500 वर्षो से भी ज्यादा की प्रतीक्षा पूर्ण हुई है। हमसभी इसका स्वागत एवं अभिनन्दन करते है। आगे अपने संबोधन में माननीय प्रधानमंत्री जी के अभिवादन को व्यक्त करते हुए कहा कि यह देव से देष एवं राम से राष्ट्र के चेतना का विस्तार का दिवस है। राष्ट्र निर्माण के लिए हम अपने जीवन का पल पल और शरीर का कण-कण राम समर्पण को राष्ट्र सर्मपण के ध्येय से जोड़ देगे। आने वाला समय सफलता का है, सिद्धि का है एवं भव्य राम मंदिर इसका साक्षी बनेगा। भारत के उदय, विकसित भारत एवं भारत के अभ्युदय का प्रमाण बनेगा।

हमारे पूर्वज के संकल्पों की सिद्धी होने पर समूचे देशवासियों को हार्दिक बधाई व मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं सभी देषवासियों को कोटि-कोटि अभिनंदन।

# लक्ष्मी बाई कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय में अयोध्या महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्यता के साथ किया गया



नई दिल्ली। लक्ष्मी बाई कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय में अयोध्या महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्यता के साथ किया गया इस दिन का प्रारंभ प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में रामचरितमानस के पाठ समापन वह उसके पश्चात11 कुंडी यज्ञ के द्वारा किया गया इस यज्ञ का संयोजन पूजनीय साध्वी ऋचा जी द्वारा किया गया जो गंगोत्री धाम से पधारी थी ।

यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात वैष्णो भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1000 लोगों ने प्रभु श्री राम के आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद को ग्रहण किया ।

अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रोफेसर प्रत्यूष वत्सला ने लक्ष्मी बाई कॉलेज द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान के बारे में विस्तार से बताया साथ ही अयोध्या के अपने संस्करणों को बताते हुए सभी छात्राओं को राम के व्यक्तित्व के अनुसरण करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के तीसरे चरण में सांस्कृतिक व तेरे मेरे विषय राम विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया उसे संगोष्ठी में वक्त के रूप में विचार व्यक्त करते हुए डॉ अभिषेक टंडन ने प्रभु श्री राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की अपील उपस्थित छात्राओं व जन समूह से की । इस अवसर पर एनसीसी की छात्राओं द्वारा नाट्यमंचन व अंतरराष्ट्रीय कवि चरणजीत जी द्वारा काव्य का प्रस्तुतीकरण प्रमुखता से किया गया, साथ ही कालेज की अन्य छात्राओं व अध्यापकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की ।

उपस्थित अन्य प्रमुख लोगों में प्रोफेसर लता शर्मा, प्रोफेसर सबरीना जी, प्रोफेसर अनीता मल्होत्रा जी, प्रो प्रमिला जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैन समाज अशोक विहार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं संचार संयोजन डॉ सुनील कुमार मिश्रा द्वारा किया गया ।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम को मिली जमानत

नोएडा। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय में पेशी के दौरान जमानत मिल गई है। कोरोना काल में कांग्रेस की प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद से यह केस कोर्ट में विचाराधीन था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नोएडा में कोरोना काल में कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के चुनाव प्रचार किया था। उस समय गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने उनके खिलाफ आचार संहिता और महामारी कानून के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया था। यह मामला नोएडा के सेक्टर-49 थाने में दर्ज किया गया था। यह मुकदमा नोएडा विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन अधिकारी एवं दादरी के उप जिलाधिकारी ने दर्ज कराया था। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली पहुंचे थे, उन्होंने गौतमबुद्ध नगर के बरौला, सलारपुर, सोरखा, बहलोलपुर और जलपुरा में घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगे थे। लोगों को कांग्रेस पार्टी के वायदों की जानकारी दी थी। उनके साथ कांग्रेस की उम्मीदवार पंखुड़ी पाठक भी थीं। कोर्ट में वे आज खुद मौजूद रहे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में रैली, जुलूस और जनसभा आदि को प्रतिबंधित किया था। कोरोना काल में गाइडलाइन के मुताबिक, एक ग्रुप में केवल पांच लोगों की टोली ही घर-घर जाकर चुनाव प्रचार कर सकती थी। इसके बावजूद कांग्रेस के प्रत्याशी घर-घर जाकर कोविड की गाइड लाइन का उल्लंघन करते दिखे थे।

## 'राम भक्ति' में सराबोर हुआ नोएडा

नोएडा। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते नोएडा और ग्रेटर नोएडा भी राम की भक्ति में सराबोर है। जिले में दिवाली जैसा माहौल है। सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में आरती के बाद जमकर आतिशबाजी की गई।

शहर के प्रमुख मंदिरों 100 से अधिक सोसाइटी और सेक्टर में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए। इनका समापन दोपहर बाद भंडारों के बाद होगा। इसके बाद शाम को मंगलदीप जलाए जाएंगे साथ ही कई सोसाइटी और मंदिरों के आसपास आतिशबाजी भी की जाएगी।

नोएडा के सेक्टर-128 जेपी विश टाउन में दीपोत्सव का शुभारंभ किया गया। यहां दीपक से जय श्री राम का आकार दिया गया। जिसे प्रज्वलित किया जा रहा है। इसमें सोसाइटी के युवक और छोटे बच्चों ने हिस्सा लिया। वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद नोएडा के सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में भव्य भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यहां हरे राम हरे कृष्ण के भजन गाय जा रहे है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या भक्त मौजूद है। इसके अलावा मंदिर के बाहर ही भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

नोएडा के सेक्टर-22 स्थित दुर्गा मंदिर में विधायक पंकज सिंह मौजूद रहे। वहां उन्होंने भजन कीर्तन किए। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता और अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे। इसके बाद सेक्टर-19 सनातन धर्म मंदिर जाएंगे यहां यही से लाइव राम लला के दर्शन और प्राण प्रतिष्ठा में हिस्सा लेंगे।

राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए नोएडा में सुबह से ही सेक्टरों में प्रभातफेरी निकाली गई। अनेक स्थानों पर कलश यात्रा भी निकली गई।

## केजरीवाल ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा पर लोगों को दी शुभकामनाएं

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्रतिष्ठापन पर लोगों को शुभकामनाएँ दी। केजरीवाल ने एक्स पर कर कहा,मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में प्रतिष्ठापन के इस पवित्र अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाईयाँ और शुभकामनाएँ। जय सिया राम। इससे पहले उन्होंने कहा, आज प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दिल्ली के अलग-अलग इलाक़ों में आयोजित भंडारों में शामिल हुआ। उन्होंने कल यहाँ एक कार्यक्रम में कहा कि पूरा देश राममय है। कई लोग प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या नहीं जा पा रहे हैं इसलिए हम सब लोग अपने-अपने तरीके से भगवान रामचंद्र जी की भक्ति करेंगे।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस, ड्रोन से हुई रखवाली

एजेंसी

नई दिल्ली। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इस दौरान दिल्ली के सभी छोटे-बड़े मंदिरों के अलावा संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाके में पुलिस का सख्त पहरा रहा। लोकल पुलिस के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों की 30 से ज्यादा कंपनियां दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में तैनात रहीं।

पूरी राजधानी में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुरक्षा इंतजामों के बीच शोभा यात्राएं निकाली गई गईं।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सड़कों पर गश्त करते नजर आए। ड्रोन से निगरानी करने के अलावा सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी राजधानी पर नजर रखी गई। पुलिस सूत्रों ने कहना था कि खुफिया एजेंसियों से अलर्ट मिला था कि सोशल मीडिया के जरिये शरारती तत्व दिल्ली में गड़बड़ी फैला सकते हैं। ऐसे में दिनभर सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी गई।

राजधानी में रविवार रात से पुलिस ने बैरिकेडिंग कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू कर दी। दिल्ली के बाहर से आने वाले वालों पर भी कड़ी नजर रखी गई। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सुरक्षा के टाइट इंतजाम रहे। पुलिस ने होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाओं में जाकर छानबीन की।

गणतंत्र दिवस और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस लगातार आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए से मीटिंग कर रही है। पुलिस ने थाने की अमन कमेटी के अलावा एरिया के प्रभावशाली लोगों से मुलाकात कर शांति बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वह हर हाल में शांति और भाईचारा बनाकर रखें।

दिल्ली में बिरला मंदिर, कालकाजी मंदिर, झंडेवालान, हनुमान मंदिर समेत राजधानी के ज्यादातर मंदिरों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पुलिस ने वहां कई स्तरीय सुरक्षा के इंतजाम किए। पहले घेरे में दिल्ली पुलिस के जवान, दूसरे में अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया। बड़े मंदिरों में मेटल डिटेक्टर के जरिए ही प्रवेश दिया गया।

अधिकारी ने बताया कि जहांगीरपुरी, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, त्रिलोकपुरी इलाके में पहले छोटी-छोटी बातों से माहौल खराब हो चुका था, ऐसे में इन एरिया में पुलिस ने खास निगरानी की। पिछले कई दिनों से लगातार पुलिस गश्त करने के अलावा यहां ड्रोन से नजर रख रही है। इन इलाके के घरों की छतों की तलाशी भी हो चुकी है।

# संपादकीय



## सख्त नियम बनाने की जरूरत

तबीयत खराब होने पर लोग जब इलाज कराने जाते हैं, तो जरूरी न होने पर भी डाक्टर ऐसी दवाएं लेने की सलाह दे देते हैं।

दवा का इस्तेमाल किसी बीमारी से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है, लेकिन अगर जाने-अनजाने और गैरजरूरी तरीके से कुछ दवाओं का सेवन किया जाए, तो उससे फायदे के बजाय नुकसान पहुंच सकता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के संदर्भ में यह बात लंबे समय से कही जाती रही है कि जो दवा किसी तकलीफ को ठीक या कम कर सकती है, उसी का दुष्परिणाम किसी व्यक्ति की मुश्किलें बढ़ा सकता है।

खासकर जीवाणुनाशक या एंटीबायोटिक दवाओं के मनमाने इस्तेमाल के घातक नतीजे देखे गए हैं। इस मसले पर अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और संगठनों के चिकित्सकों से कहा है कि वे किसी मरीज को एंटीबायोटिक दवाएं लेने का परामर्श देते समय अनिवार्य रूप से बीमारी के लक्षण और कारण बताएं। साथ ही मरीजों को यह भी बताना अनिवार्य होगा कि यह दवा उन्हें क्यों दी जा रही है, कितने दिनों तक खाना चाहिए और इसके क्या परिणाम होंगे।

यह छिपी बात नहीं है कि किसी मरीज के इलाज के दौरान दवा लेने की सलाह देते हुए आमतौर पर चिकित्सक बिना किसी संकोच के एंटीबायोटिक दवाएं लेने को कह देते हैं। इसके अलावा, आम लोग भी तबीयत खराब होने पर कई बार बिना चिकित्सक की सलाह के, स्थानीय दवा दुकान से खरीद कर धड़ल्ले से एंटीबायोटिक दवा खा लेते हैं। इसलिए कि वे इसके दुष्प्रभावों से अनजान होते हैं।

ऐसे में एंटीबायोटिक देने को लेकर डाक्टरों से लेकर दवा दुकानों तक के लिए एक सख्त नियम वक्त का तकाजा है। यही वजह है कि सरकार ने सभी दवा विक्रेताओं से एंटीबायोटिक दवाओं की बिना पर्ची के होने वाली बिक्री बंद करने और उन्हें केवल योग्य डाक्टर के परामर्श पर ही बेचने की अपील की है।

सरकार ने इस बारे में जो चिंता जताई है, वह वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित है और इन दवाओं के सेवन को लेकर लंबे समय से संतुलन और विवेक का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती रही है। अफसोस कि न तो चिकित्सकों की ओर से एंटीबायोटिक की सलाह देते हुए सावधानी बरती जाती है और न ही आम लोगों के बीच इस मसले पर जागरूकता दिखती है।

ऐसे मामले आए दिन चिंता का कारण बनते रहते हैं जिनमें किसी बीमारी की स्थिति में मरीज को अगर कोई दवा दी जाती है तो उस पर उसका कोई खास असर नहीं देखा जाता है। इसकी जड़ में भी एंटीबायोटिक दवाओं का गलत इस्तेमाल ही है। तबीयत खराब होने पर लोग जब इलाज कराने जाते हैं, तो जरूरी न होने पर भी डाक्टर ऐसी दवाएं लेने की सलाह दे देते हैं।

फिर जरूरत से ज्यादा ऐसी दवा के सेवन की वजह से इनके दुष्परिणामों के बारे में आगाह नहीं किया जाता है। नतीजतन, मरीज पर दूसरी दवाओं का प्रभाव भी बेअसर होने लगता है और रोग-प्रतिरोधक क्षमता में कमी आने लगती है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में अगर व्यक्ति किसी गंभीर रोग की चपेट में आए तो उसे किस तरह के जोखिम और मौत के खतरे तक का सामना कर पड़ सकता है।

यों कोई भी रोग होने पर एलोपैथी दवाओं का सेवन करते हुए उसके दुष्परिणामों को लेकर सचेत रहने की जरूरत होती है, क्योंकि अगर किसी दवा से एक बीमारी में राहत मिलती है तो उसी से कोई अन्य दिक्कत पैदा होने की आशंका हो सकती है। इसलिए दवाओं के मामले में विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है।

## आतंकी संगठनों और पंजाब के खालिस्तान समर्थकों के मंसूबे एक

पाकिस्तान द्वारा पंजाब में ड्रोन से गिराए जा रहे साजो-सामान आतंकवादियों तक पहुंचाने में यह गठजोड़ काम आता है। नशीले पदार्थों की खेप उन्हें वित्तीय संसाधन जुटाने के काम आती है।

जबसे भारतीय सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर निगरानी कड़ी की है, पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ और दहशतगर्दी के साजो-सामान भेजने की कोशिशों पर काफी हद तक लगाम लग गई है। ऐसे में आतंकवादी संगठनों ने ड्रोन को अपना नया हथियार बना लिया है। रात के अंधेरे में वे ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ भारतीय सीमा में गिराने में कामयाब हो जाते हैं।

इस मामले में पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के इलाके उनके लिए ज्यादा मुफीद नजर आते हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात फिरोजपुर में ड्रोन के जरिए एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन, चालीस कारतूस और चालीस हजार रुपए से भरा एक थैला गिराया जाना इसी का ताजा उदाहरण है। सीमा सुरक्षा बल को ड्रोन की गतिविधि का पता चला और गहन तलाशी अभियान चलाया गया, तो एक खेत से यह साजो-सामान बरामद हुआ।

पिछले कुछ वर्षों में सीमा पार से ड्रोन भेजे जाने की घटनाएं काफी बढ़ी हैं। पिछले महीने सीमा सुरक्षा बल ने बताया कि बीते वर्ष उसने एक सौ सात ड्रोन मार गिराए और करीब साढ़े चार सौ किलो हेरोइन, तेईस हथियार और पांच सौ से अधिक कारतूस बरामद किए। यानी इसके अलावा अनेक मामलों में आतंकी संगठनों को सफलता भी मिली होगी, जिसके ठीक-ठीक आंकड़े दर्ज नहीं हैं। हालांकि पिछले आठ-नौ वर्षों में सीमा पर चौकसी बढ़ाने, सघन तलाशी अभियान चलाने, आतंकी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसने, पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से तिजारत बंद होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर लगाम लगी है। फिर भी दहशतगर्द अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। इसकी वजह समझी जा सकती है।

जो साजो-सामान और वित्तीय मदद उन्हें घुसपैठ के जरिए पहुंचाई जाती थी, वह ड्रोन से पहुंचाई जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर के युवाओं को गुमराह कर उन्हें हथियार उठाने को तैयार किया जा रहा है। पंजाब में खालिस्तान समर्थकों को उकसाने की वजहें भी स्पष्ट हैं। उजागर है कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों और पंजाब के खालिस्तान समर्थकों के तार परस्पर जुड़े हुए हैं।

पंजाब में ड्रोन से गिराए जा रहे साजो-सामान आतंकवादियों तक पहुंचाने में यह गठजोड़ काम आता है।

नशीले पदार्थों की खेप उन्हें वित्तीय संसाधन जुटाने के काम आती है। हैरानी की बात नहीं कि पंजाब और उससे सटे राज्यों में नशे का कारोबार फैलाने में ऐसे संगठनों से जुड़े लोगों का बड़ा हाथ है।

हालांकि सीमा पार से ड्रोन के जरिए पहुंचाए जा रहे साजो-सामान और नशीले पदार्थों की खेप पर नजर रखने के लिए भारतीय सीमा सुरक्षा बल ने ड्रोन-रोधी तकनीक तैनात कर रखी है, जिससे ऐसी गतिविधियों की टोह लेने और उन्हें मार गिराने में काफी आसानी हुई है। इसके लिए दिल्ली में भी केंद्रीय नियंत्रण और विश्लेषण कक्ष बनाया गया है।

पिछले वर्ष के सीमा सुरक्षा बल के आंकड़ों से जाहिर है कि इस मामले में उसे काफी कामयाबी मिली है। इस तरह निस्संदेह पाकिस्तान की जमीन से चलाई जा रही आतंकी गतिविधियों को गंभीर चोट पहुंच रही है। खालिस्तान समर्थकों पर भी काफी हद तक लगाम कसी जा चुकी है।

मगर कश्मीर घाटी में स्थानीय युवाओं को बरगला कर दहशतगर्द बनाने की कोशिशों पर लगाम लगाना अब भी चुनौती है। जब तक इस दिशा में सफलता नहीं मिलती, पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों पर पानी फेरना कठिन बना रहेगा।

23 जनवरी जयन्ती पर विशेष

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस



**रमेश सर्राफ धमोरा**

आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात् उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चैथा स्थान प्राप्त किया था।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे।

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप



चले गये। सन् 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई।

जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद-हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा।

6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन् 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा।

विश्व इतिहास में आजाद हिंद फौज जैसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। जहां 30-35 हजार युद्ध बंदियों को संगठित, प्रशिक्षित कर अंग्रेजों को पराजित किया। पूर्व एशिया और जापान पहुंच कर उन्होंने आजाद हिन्द फौज का विस्तार करना शुरू किया।

रंगून के जुबली हॉल में सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया गया भाषण सदैव के लिए इतिहास के पत्रों में अंकित हो गया। नेताजी की मृत्यु के संबध में विवाद बना हुआ है कि 18 अगस्त 1945 के बाद का सुभाषचन्द्र बोस का जीवन-मृत्यु आज तक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।

## निरंतर प्रगति और सकारात्मक संघर्ष, जीवन की श्रेष्ठ परिणति

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। जीवन है चलने का नाम, गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3त्न नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है, जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है।

## श्री राम

असुरों से जो त्राण दें
श्री राम वही हैं,
संतों को जो प्राण दें
श्री राम वही हैं।

गले लगाए केवट को
श्री राम वही हैं,
पहुंचें शबरी देहरी तक,
श्री राम वही हैं।

अहिल्या का करे उद्धार
श्री राम वही हैं।
पतितों के जो तारणहार
श्री राम वही हैं।

महल छोड़ पहुंचें वन में
श्री राम वही हैं,
सिंहासन छोड़ जाएं जन में
श्री राम वही हैं ।

मातु-पितु को दें सम्मान
श्री राम वही हैं,
अनुजों को जो गले लगाएं
श्री राम वही हैं।

गिलहरी को भी दें मान
श्री राम वही हैं।
बंदर-भालू को दें सम्मान
भगवान वही हैं ।



राजीव गौतम, कवि,
दिल्ली एनसीआर
(स्वरचित,मौलिक)

# प्रथम गांव

**डॉ 0 नीता समाद्दार**

भारत की भौतिक सुंदरता अंक को स्पष्ट नहीं किया जा सकता है ।यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्यता नदियों, पहाड़ों, हरे- भरे पहाड़ों को देखकर मन आनंदित हो जाता है। भारत के लोग प्रेम और एकता के भाव से एक-दूसरे के साथ मिल-जुल कर रहते हैं। भारत की भव्यता यहाँ की भौतिक सुंदरता और यहाँ के लोग बनाते हैं। जो विशेष रूप में गाँवों में रहते हैं। कहां जाता है कि भारत की वास्तविक छवि से परिचित होना है तो हमें भारत के गांवों से पहले परिचित होना होगा ।

भारत गांवों वों का देश है इसमें कोई विशेष बात नहीं परन्तु हाल ही में एक घटना ने हम सभी देशवासियों का ध्यान गांवों वों की ओर आकर्षित किया है सीमा सड़क संगठन की तरफ़ से एक गांव पर भारत का प्रथम गाँव का एक बोर्ड लगा दिया गया। भारत का अंतिम गांव उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव को प्रथम गांव घोषित किया गया। पहले इस गाँव को भारत का अंतिम गाँव के नाम से जाना जाता था।

परन्तु अभी कुछ दिनों पहले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जो उत्तराखंड के 10 वें मुख्यमंत्री द्वारा सोशल मीडिया पर इसे लेकर एक तस्वीर सांझा किया। दरअसल अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे पर निकले थे। मोदी जी का कहना था कि माणा को देश का प्रथम गांव कहां जाना चाहिए और भारत की सीमा पर स्थित हर गांव में रखते हुए मुख्यमंत्री ने माणा को नई पहचान दी और सीमा सड़क संगठन ने इस गांव की शुरुआत में भारत का प्रथम गाँव माणा बोर्ड लगा दिया।

केन्द्र सरकार द्वारा इस विषय को लेकर एक स्कीम वाइब्रेंट विलेन प्रोग्राम शुरू किया गया। केंद्रीय वित्तपोषित कार्यक्रम केंद्रीय बजट वर्ष 2022-23 (2025-26) में उत्तर में सीमावर्ती गांवों को विकसित करने और ऐसे सीमावर्ती गांवों के निवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लक्ष्य से शुरू किया। इसमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरूणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं ।इस कार्यक्रम के तहत 2,963 गांवों को लिया जाएगा और पहले चरण में 663 शामिल किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायतों की सहायता से जिला प्रशासन द्वारा योजनाएं बनाएं।

जिससे सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का ओवरलैप स्थिति उत्पन्न नहीं हो।

इस योजना के तहत् लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों को किसी भी प्रकार के मौसमों में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए निमू-पदम -दारचा रोड लिंक पर 4.1 किलोमीटर लंबी सुरंग है। जो टनल दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा ।यह देश की सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है ।यह योजना उत्तर सीमा पर सीमावर्ती गांवों के स्थानीय, प्राकृतिक, मानव तथा अन्य संसाधनों के आधार पर आर्थिक चालकों की पहचान एवं विकास करने में सहायता करेगी। इससे पर्यावरण कृषि व्यवसायों का विकास, स्थानीय, सांस्कृतिक, पारंपरिक ज्ञान और विरासत को बढ़ावा देकर पर्यटन क्षमता में भी वृद्धि होंगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत - तिब्बत सीमा पुलिस को सात नई बटालियनों के गठन को मंजूरी दी है, साथ ही चीन सीमा पर सामाजिक एवं सुरक्षा ढाँचे को मजबूत करने हेतु वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत् 4800 करोड़ रुपए आवंटित किए है। साथ ही कैबिनेट ने मनाली -दारचा - पदउम- निम्मू क्षेत्र में 4.1 किलोमीटर लंबी शइंकू-लआ सुरंग को भी मंजूरी दे दी है, ताकि बदलते मौसमों में लद्दाख के साथ संपर्क बना रहे।

इस प्रोग्राम में सबसे अधिक महत्व माणा गांव का था क्योंकि माणा गांव वुलन गार्मेंट्स और मेटिरियल के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां से मिलने वाले कपड़े अधिक गर्म होते हैं। इसके अलावा यह गांव आलू की खेती के साथ राजमा के लिए भी मशहूर है। अत: इसे प्रथम गांव की उपाधि देना हर स्तर से उचित है।

भारत विभिन्न भाषा, संस्कृति, धर्म, जाति के लोग आपस में मिल-जुलकर रहते है ।विभिन्न राज्यों में भिन्न - भिन्न गांव देखने को मिलते हैं जो उन राज्यों के संस्कृति, परंपरा, खान-पान आदि को प्रदर्शित करती है। माणा गांव पहले भारत - तिब्बत सीमा के निकट होने के कारण भारत के अंतिम गांव रूप में जाना जाता था ।यह माणा भारत के उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित एक छोटा - सा गांव है ।आकार में छोटा है परन्तु लोकप्रियता की दृष्टि से काफी बड़ा है।

माणा गांव को भारत -चीन सीमा पर सरस्वती नदी के किनारे बसा हुआ है माणा गांव भारत के चार धामों में शामिल एक धाम बद्रीनाथ शहर भी यह है। माण गांव को बद्रीनाथ के पवित्र मंदिर से निकटता के लिए भी जाना जाता है ।जो गांव से लगभग 3 किलोमीटर दूर पर हैं ।यह गांव समुद्र तट से लगभग 3200 मीटर (10,500फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। सड़क मार्ग से यहां पहुंचा जा सकते हैं।

माणा गांव में प्राकृतिक सौंदर्यता का एक अदभुत दृष्टि देखने को मिलता है। यहां गांव ऊंचे बर्फ़ से ढके पहाड़ों से घिरा हुआ एक ख़ूबसूरत धाम है ।माणा गांव में हिमालय के आश्चर्यजनक दृश्य को देखने को मिलता और आराम करने ,प्राकृति का आंनद लेने के लिए एक शानदार जगह है। माणा गांव के लोग बहुत ही सरल जीवन शैली में जीवनयापन करते है।

यह के लोग मुख्य रूप से खेती और पशुपालन से जीवन चलाते हैं। उनके पास न ही तकनीकी उपकरण और नही वें आधुनिक जीवन शैली अपनाते थे। परन्तु वे स्वच्छता को विशेष महत्व देते हैं और अपने घरों को और गांव को साथ - सुथरा रखते हैं। गांव का एक समृद्ध इतिहास है और माना जाता है कि यह भारत के सबसे पुराने बसे हुए गांवों में से एक है यह स्थान महाभारत के समय से संबंधित है यह पांडवों का जन्मस्थान माना जाता है।

पांडव पुत्र माणा से गुज़रते हुए स्वर्ग की अपनी अंतिम यात्रा की ।इस स्थान पर सरस्वती नदी के पास एक पत्थर का पुल भी है। जिसे ' भीम पुल ' कहां जाता है जिसे पाँच पांडवों भाइयों में से एक भाई भीम द्वारा बनाया गया माना जाता है।

माणा गांव भारत - तिब्बत सीमा के पास स्थित होने के कारण यहाँ दोनों संस्कृतियों से प्रभावित हैं गांव में वास्तुकला, भोजन और परंपराओं का अनोखा मिलन देखने को मिलता है। यहां वुलन गार्मेंट्स और मेटिरियल के लिए जाना जाता है। जिन्हें विशेष रूप से भेड़ की ऊन से तैयार किया जाता है ।यह अंतिम गांव होने के कारण आकर्षण का केंद्र है इसके अलावा धार्मिक स्थल, गांव के पास एक ' माना ' नामक झील है ।माणा में ऊंचे पर्वत है जिसे चौखम्भा कहा जाता है। बहुत सारे घाट इसके अलावा नीलकंठ चोटी, तप्त कुंड, व्यास गुफा, भीमा पुल है जो घूमने के शौकीन लोगों को एक अच्छा अवसर प्रदान करते हैं।

माणा गांव को अब भारत का प्रथम गाँव के नाम से जाना जाता है ।इस प्रकार के गांव अन्य गांवों के तुलना में अलग तथा सरल-सादा जीवन शैली अपनाते हैं।

प्राकृतिक रूप से सम्पन्न होने के बाद भी यहां आधुनिकता की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यहां के लोगों को सरकारी सहायता की आवश्यकता है।

उन्हें सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा योजना, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य सुविधाओं की आवश्यकता है। हमारे देश की सरकार को आगे आकर इन गांवों के विकास में अधिक से अधिक योगदान देना चाहिए ताकि इस गांव के निवासियों को अधिक सुविधाएं प्राप्त हो और उनका जीवन सहज और सुखद हो।

# शार्ट न्यूज

## हत्या का आरोपी 1 साल बाद पहुंचा जेल

अलीगढ़। अलीगढ़ के गभाना थाना क्षेत्र में पशुपालक की हत्या करके पशु लूटने वाले ईनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गभाना पुलिस लगभग एक साल से आरोपी की तलाश कर रही थी और जगह-जगह उसकी धरपकड़ के लिए दबिश भी दी जा रही थी। पुलिस को अपने मुखबिर से आरोपी की सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया और आरोपी को दबोच लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया है। गभाना थाना क्षेत्र के गांव राजमऊ में लगभग एक साल पहले घेर पर सो रहे पशुपालक राकेश कुमार पुत्र बनी सिंह की बदमाशों ने हत्या कर दी थी। आरोपियों ने पशुपालक को बदमाश बांधकर उसकी हत्या की थी और पांच पशुओं को चोरी कर ले गए। आरोपी गोमशी करने के लिए पशुओं को चोरी करके ले गए थे। हत्या के बाद राकेश का छोटा भाई सुबह पहुंचा था, तब उसने शव को देखा था। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ, एसपी सभी मौके पर पहुंचे थे और फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। तात्कालीन एसएसपी कलानिधि नैथानी ने तीन टीमों का गठन किया था, जिसके बाद 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। फरार चल रहे आरोपी पर ईनाम घोषित किया गया था।

## अलीगढ़ में 27.59 लाख मतदाता करेंगे वोट

अलीगढ़। एक ओर पूरा देश राममय है, वहीं दूसरी ओर शासन और प्रशासन लोकसभा चुनावों की तैयारियों में भी जुटा हुआ है। अलीगढ़ की सात विधानसभा क्षेत्रों में इस बार 27,59,211 मतदाता फाइनल सूची में शामिल किए गए हैं, जो लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे। अलीगढ़ के मतदाताओं की फाइनल सूची 23 जनवरी को जारी कर दी जाएगी। अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद इसमें कोई संशोधन नहीं किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को आधार मानते हुए 1 जनवरी 2024 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि लोगों को जागरुक करने और आपत्तियां लेने के लिए लगातार जिले में अभियान चलाया गया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की अवधि 27 अक्टूबर से 23 जनवरी 2024 के बीच सभी विधान सभाओं में कुल मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। जिले में वोट देने वाले मतदाताओं की संख्या 27,19,598 से बढ़कर 27,59,211 हो गई है। इस प्रकार आलेख्य प्रकाशन के समय जनसंख्या के अनुपात में 58.78 प्रतिशत मतदाताओं से बढ़कर वर्तमान में मतदाताओं की संख्या 59.64 प्रतिशत हो गई है। इस अवधि में मतदाताओं की संख्या में लगभग 0.86 रही प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

## फसल की रखवाली कर रहे किसान की मौत

राठ। हमीरपुर में नील-गाय से गेहूं की फसल की रखवाली करने गए किसान की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि खेत में ठंड लगने से मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना राठ कोतवाली क्षेत्र के गलिहया की है। गलिहया का निवासी पूरनलाल उर्फ पुन्ना पुत्र हरिया जो कि अपने खेत में गेहूं की फसल की रखवाली कर रहा था। परिजनों ने बताया कि ठंड की चपेट में आने से उसकी हालत बिगड़ गई। मौके पर पहुंचे आसपास के किसानों व उसके परिजनों ने जब किसान को अचेत अवस्था में पड़ा हुआ देखा तो उसे आनन-फानन में इलाज के लिए राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने किस को मृत घोषित कर दिया। किसान पूरनलाल उर्फ पुन्ना अपनी 4 बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार में पत्नी तुलसारानी सहित पुत्र सुघर सिंह, बाला प्रसाद और सुदर्शन हैं। राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार सिंह ने बताया कि किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है और मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ठंड के चलते डीएम ने बढ़ाई स्कूलों की छुट्टी

आगरा। आगरा में हाड़ कंपाने वाली सर्दी के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ठंड को देखते हुए स्कूल के छात्रों को बड़ी राहत दी गई है। जिलाधिकारी भानूचंद्र गोस्वामी ने यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड समेत अन्य बोर्ड के 8वीं कक्षा तक के विद्यालय 24 जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में अब स्कूल 25 जनवरी को खुलेंगे। ताजनगरी में सर्दी का सितम जारी है। सोमवार को भी गलन और शीत लहर जारी रही। दिन में न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री रहा। सर्दी को देखते हुए डीएम ने कक्षा आठ तक के बच्चों को राहत दी है। सभी बोर्ड के स्कूल 20 जनवरी को भी बंद रहेंगे। कक्षा 9 और 12 वीं तक की कक्षाएं सुबह साढ़े 10 बजे से संचालित होंगी। स्कूल में बच्चों के लिए रूम हीटर की व्यवस्था स्कूल प्रबंधन को करनी होगी। सोमवार को कोहरा अधिक नहीं था, लेकिन सूर्य देव के दर्शन पूरे दिन नहीं हो सके। इससे शीतलहर ने लोगों की दिनभर कंपकंपी छुटाई। सूरज नहीं निकलने से शीत लहर पूरे दिन लोगों को सताती रही। ठंडी हवा चलने से दिनभर लोग ठिठुरते रहे। घरों में भी दिन में हीटर चलाने पर ही सर्दी से राहत महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार, इस सप्ताह सर्दी से राहत नहीं मिलने वाली। न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री के बीच ही रहेगा। अधिकतम तापमान भी 16 डिग्री से ऊपर जाने के फिलहाल आसार नहीं है।

## शॉर्टसर्किट से चलती कार में लगी आग

वाराणसी। वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र में पुलिस लाइन के सामने चलती कार में आग लग गई। तेज शॉर्ट सर्किट के बीच कार धू-धूकर जलने लगी। चालक ने अचानक ब्रेक लगाया तो कार पलट गई। कार में आग लगने की सूचना पाकर पुलिस लाइन से फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। लेकिन उनका पंप खराब हो गया। तभी सड़क से गुजरती जलकल के टैंकर को रोककर आग बुझाई गई। आग लगने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। लोग आग बुझाने में मददगार बने। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पहाड़िया निवासी आबिद पुत्र अब्दुल जब्बार अपनी BMW कार लेकर मरम्मत को नदेसर जा रहे थे। अचानक पहड़िया मंडी के पास कार बन्द हो गई। काफी प्रयास के बाद भी कार स्टार्ट नही हो सकी। कार स्टार्ट नहीं होने पर वाहन स्वामी ने मेकैनिक को बुलवाया। मेकैनिक ने कार जांची तो कई खामियां बताई, इसके बाद कोशिश करके कार स्टार्ट की गई और उसे गैरेज लेकर जाने लगा। पुलिस लाइन चौराहे पर पहुंचते ही कार का बोनट गर्म हो गया। उससे धुंआ निकलने लगा। वायरिंग के सहारे आग लग गई और चंद सेकेंड में लपटें उठने लगीं। आग देखकर चालक ने कार रोक दी और बीच सड़क में कार बंद कर भागने लगा। आग लगने के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।

## 4 बाइक सहित 3 चोर गिरफ्तार


चाँदपुर। बिजनौर की चांदपुर पुलिस ने चोरी की 4 मोटरसाइकिलों के साथ 3 चोरों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर इनकी गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार चोरों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर चांदपुर व नूरपुर थाना क्षेत्र से मोटरसाइकिलों की चोरी की थी। चोरी कर इनके रंग व नम्बर प्लेट बदल दिए थे। गिरफ्तार चोरों ने पुलिस को दो अन्य साथियों के नाम बताएं हैं। पुलिस चोरों को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल मामला बिजनौर जिले के चांदपुर थाना क्षेत्र का है। जहां चांदपुर पुलिस को मोटरसाइकिलों की चोरी की घटनाओं में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने यहां मुखबिर की सूचना पर चोरी की चार मोटरसाइकिलों के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी चोर चांदपुर थाना क्षेत्र के ही निवासी हैं जो अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चांदपुर व नूरपुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिलों की चोरियों को अंजाम देते थे। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर खुलासा किया है। राहुल कुमार पुत्र सुनील सैनी मोहल्ला सराय रफी कस्बा चांदपुर व देव यादव पुत्र योगेश यादव गांव रोहनिया एवं मुकुल पुत्र जयराम सिंह निवासी मोहल्ला सराय रफी कस्बा व थाना चांदपुर की गिरफ्तारी हुई है।

# राम सर्वव्यापी और सबके हैं : पीएम मोदी

### राम भारत की चेतना हैं और पूरे विश्व को राम की आवश्यकता है

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान श्री राम को सर्वव्यापी बताते हुए कहा है कि राम सबके हैं, सभी समस्याओं का समाधान हैं और पूरी दुनिया को आज राम की आवश्यकता है।

मोदी ने सोमवार को यहां भव्य राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राम सर्वत्र हैं, राम नीति और निरंतरता, प्रतिष्ठा और प्रभा हैं, भारतीय दिग्दर्शन का चिंतन हैं, राम भारत की आस्था हैं, राम भारत की चेतना हैं और पूरे विश्व को राम का की आवश्यकता है।



प्रधानमंत्री ने राम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा राम वर्तमान ही नहीं, राम अनंतकाल हैं। हर युग में लोगों ने राम को जिया है। हर युग में राम को अपने अपने शब्दों में अभिव्यक्त किया है। राम कथा अनंत है, राम के मूल्य सर्वत्र हैं। राम सबके हैं। राम आग नहीं राम ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं राम समाधान हैं। राम तो सबके हैं। राम वर्तमान नहीं, राम अनंतकाल हैं।

उन्होंने राम मंदिर को भारतीय दिग्दर्शन का प्रतीक बताया और कहा राम मंदिर सिर्फ एक देव मंदिर नहीं, यह भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। ये भारत की दृष्टि का, भारत के दर्शन का, भारत के दिग्दर्शन का मंदिर है। मंदिर भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का प्रतीक है। मंदिर निर्माण किसी आग को नहीं बल्कि ऊर्जा को जन्म देता है। प्रधानमंत्री ने कहा राम भारत की आस्था है, राम भारत का आधार हैं। राम भारत का विचार है, राम भारत का विधान है। राम भारत की चेतना है, राम भारत का चिंतन है। राम भारत की प्रतिष्ठ है, राम भारत का प्रताप है। राम प्रवाह है, राम प्रभाव हैं। राम नेति भी हैं, राम नीति भी है। राम नित्यता भी है।

राम निरंतरता भी है। राम विभु हैं विशद हैं। राम व्यापक हैं, विश्व हैं, विश्वात्मा हैं। राम की सर्वव्यापकता के दर्शन आम हो रहे हैं।

उन्होंने कहा राम के आदर्श की आवश्यकता पूरे विश्व को है। यह मात्र एक देव मंदिर नहीं बल्कि दिग्दर्शन है।

## औरैया में 8 घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

**औरैया।** भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले कार्यक्रम के दिन औरैया में बिजली विभाग ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के आदेश दिए थे। उसके बावजूद भी 33 केवीए में खराबी आने से गांव वाले परेशान हो गये। रविवार रात 12:10 से सोमवार को सुबह 8: 40 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे असेनी फीडर से जुड़े बिहारीपुर फीडर, प्लास्टिक सिटी फीडर, ककोर फीडर की मेन लाइन में आई खराबी के कारण सोमवार की रात्रि कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप रही। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति नहीं होने से दैनिक कार्य भी प्रभावित हुए। असेनी पावर हाउस से 33केवीए लाइन को सुबह लाइनमैन की टीम ने निरीक्षण किया तो 8: 30 घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली विभाग की उदासीनता से से कंचौसी कस्बा और ग्रामीण क्षेत्र के आस पास लगभग 40 गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वैसे भी विभागीय अधिकारियों की रात दिन कटौती से लोग परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि बिहारीपुर फीडर के जेई सतीश जायसवाल और उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव अपनी मर्जी कर रहे है। जिससे हम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मर्जी के अनुसार लाइनमैन को काम करने की छूट रहती है। लाइनमैन पर कोई भी अंकुश नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जेई सतीश जायसवाल को फाल्ट की जानकारी तो मिल जाती है, लेकिन लाइनमैन को 5 से 6 घंटे बाद भेजते है। जिससे फाल्ट ठीक करने के लिए तब तक हम लोग परेशानी से जूझते रहते है।रात में बिजली कटौती से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

# उन्नाव में मजदूर का फंदे से लटका मिला शव

उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के भूपतिपुर गांव के रहने वाले मजदूर का संदिग्ध हालत में पेड़ पर फंदे से शव लटका मिला। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भूपतिपुर गांव के रहने वाले रमेश का बाइस वर्षीय बेटा रोहित मजदूर करता था। किसी से घर में बिना कुछ बताए निकल गया था। काफी देर रात तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। मगर रोहित का कुछ पता नहीं चल सका। मृतक रोहित के भाई मोहित ने बताया कि रात करीब 10 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि रोहित का शव गांव से बाहर श्यामा पासी के अमरूद के बाग में पेड़ पर संदिग्ध हालत में लटका हुआ मिला हैं।

परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की है। घटना के बाद से पिता रमेश, मां शांति, भाई मोहित और बहन रूबी का रो रोकर बेहाल हैं। भाई मोहित ने बताया कि रोहित काफी दिनों से मानसिक तनाव में रहता था।

इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि जानकारी मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कमरे में अंगीठी जलाकर सोए 3 लोगो की मौत

### एक ही कमरे में सो रहे थे 5 लोग, मृतकों में माता-पिता और बेटा

कानपुर। कानपुर में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। सर्दी से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे 3 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि परिवार के 2 लोगों की हालत गंभीर बनी है। जानकारी पर पुलिस पहुंची। उन्हें कार्डियोलॉजी लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला बसंती नगर जूही के एक मकान का है।

जूही स्थित बसंती नगर में पूरन चंद्र शर्मा अपने परिवार के साथ रहते थे। रविवार रात ठंड अधिक होने की वजह से परिवार के 5 लोग एक ही कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए। नींद के दौरान ही उनकी दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों में पूरन चंद्र शर्मा (90), उनकी पत्नी मिथिला शर्मा (85) और



बेटा नरेंद्र शर्मा (50) शामिल हैं।

#### दूध वाले की वजह से बच गई बेटी की जान

पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 8 बजे दूध वाला आया। उसके गेट खटखटाने पर कमरे में सो रही नरेंद्र शर्मा की पुत्री निमिशा (22) की नींद खुल गई। उसने पिता को जगाया, लेकिन वह उठे नहीं। लेकिन उसके भाई ध्रुव शर्मा (18) की नींद खुल गई। हालांकि निमिशा और ध्रुव को उठने के बाद उल्टियां शुरू हो गईं।

इसके बाद निमिशा और ध्रुव ने मोहल्ले के लोगों को घर में किसी के न उठने की जानकारी दी, तो हड़कंप मच गया। निमिशा ने परमपुरवा में रहने वाले अपने चाचा रामजी शर्मा को घटना की जानकारी दी, तो वो मौके पर पहुंचे। चाचा ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। बच्चों को पुलिस अस्पताल लेकर गई है।

#### 12 फरवरी को है बेटी की शादी

हादसे में बची निमिशा की शादी 12 फरवरी को तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। मगर, एक साथ 3 मौतों से घर में मातम छा गया। निमिशा की मां की मौत कैंसर से करीब 4 साल पहले ही हो चुकी है।

#### बगल के कमरे में सो रहा था भाई का परिवार

घरवालों के मुताबिक, पूरा परिवार एक साथ ही रहता है। सभी एक साथ अंगीठी की आंच में हाथ सेंके थे। भाई ने बताया, अंगीठी कमरे में रखने के लिए मना किया था। फिर भी पता नहीं कैसे अंगीठी कमरे में रख ली। मेरा पूरा परिवार खतम हो गया। भाई, पत्नी और बच्चों के साथ बगल के कमरे में सो रहे थे।

वहीं, जूही थाना पुलिस डेडबॉडी को लेकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची। पोस्टमॉर्टम में देर होने की वजह से अंतिम संस्कार कल होगा।


# छेड़खानी का विरोध करने पर लड़की का मर्डर

### मेरठ में सरेराह मारी गोली; घरवालों ने सड़क पर शव रख किया हंगामा

मेरठ। मेरठ में सोमवार को एक लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह घर से मेडिकल स्टोर पर पर दवा लेने जा रही थी। रास्ते में एक लड़के ने उसके साथ छेड़खानी की। इस पर लड़की ने उसका विरोध किया।

इसके बाद दबंग ने तमंचा निकालकर लड़की पर फायर कर दिया। गोली लगते ही लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने शव को सड़क पर रखकर जमकर हंगामा किया। जानकारी मिलने पर भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। मामला फलावदा थाना क्षेत्र का है।

17 साल की लड़की मोहल्ला शहीद भगत सिंह की रहने वाली थी। सोमवार




सुबह वह घर से दवा लेने के लिए निकली थी। तभी उसके पड़ोस में रहने वाले उस्मान के बेटे फरहान ने उसका रास्ता रोक लिया। उसने लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी।

लड़की ने इसका विरोध किया, तो फरहान ने तमंचा निकालकर लड़की पर तान दिया। इसके बावजूद जब लड़की नहीं मानी, तो फरहान ने उसे गोली मार दी। इससे लड़की की मौके पर ही मौत हो गई।

#### खून से लथपथ पड़ी थी लड़की

आसपास के लोगों ने जैसे ही गोली चलने की आवाज सुनी, तो उस तरफ भागे। लोगों ने देखा कि लड़की खून से लथपथ पड़ी है। लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी लड़की के घरवालों को दी गई। इस पर लड़की के परिवार वाले मौके पर पहुंचे। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए उन लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। फिलहाल, पुलिस शव को कब्जे में लेने का प्रयास कर रही है। ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव को नहीं उठने दे रहे हैं।

## अवैध-कालोनी पर प्रशासन का चला बुलडोजर

शाहजहांपुर। महानगर बनने के बाद शाहजहांपुर में अवैध प्लाटिंग का सिलसिला शुरू हो गया। जगह जगह जरूरी कागजात कागजात पूरे किए अवैध प्लाटिंग की जाने लगी। डेढ़ साल पहले डीएम के आदेश पर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों को चिन्हित कर प्लाटिंग और बैनामों पर रोक लगा दी थी। लेकिन धीरे-धीरे फिर से जिम्मेदारों से साठगांठ कर अवैध प्लाटिंग की जाने लगी। खास बात ये है कि, मिलीभगत से बैनामे भी होने लगे। इसी बीच लगभग 100 बीघा पर बगैर ले आउट पास कराए 12 प्लाट बेच दिए गए। सूचना मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट बुलडोजर लेकर पहुंच गए।

# वाराणसी आ रहीं मुंबई-दिल्ली की 3 फ्लाइट्स डायवर्ट, विजिबिलिटी जीरो

### वाराणसी में इस सीजन का सबसे ज्यादा कोहरा; चल रही बर्फीली हवा

**वाराणसी।** वाराणसी में सोमवार को इस ठंड के सीजन का सबसे घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी के कारण सड़क पर 20 मीटर दूर दिखना भी मुश्किल हो रहा है। सड़कों और घाटों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग के अलर्ट जारी करते हुए बताया कि आज वाराणसी वेरी डेंस फॉग वाली कंडीशन होगी। इस सीजन का सबसे घना कोहरा। ये कोहरा रात के 1 बजे से ही छाए हैं। कोहरे की वजह से वाराणसी आने वाली कई फ्लाइट डायवर्ट कर दी गईं हैं, और 10 से ज्यादा ट्रेनें लेट हैं। आज सुबह से वाराणसी का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। वाराणसी का अधिकतम तापमान 16.6 डिग्री और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिमालय से आ रही बर्फीली हवा 6 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से बह रही है।

वाराणसी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दिल्ली-मुंबई की 3 फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। वाराणसी एयरपोर्ट पर घना कोहरा और लो बिजिबिलिटी के चलते नई दिल्ली और मुंबई से लैंड करने वाली 3 फ्लाइट्स को हवा में ही डायवर्ट कर दिया गया है। ये सभी तीनों फ्लाइट जहां से टेकऑफ की थीं, वहीं पर वापस इन्हें लैंड भी करना पड़ा।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो लोगों की मौत

लखीमपुर-खीरी। पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों को सीएचसी निघासन भर्ती कराया गया जहां तीन की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने लखीमपुर रेफर कर दिया।

निघासन थाना क्षेत्र के रकेहटी निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी कविता तथा दो माह की बच्ची परी के साथ बाईक से बल्लीपुर ससुराल जा रहे थे। पलिया निघासन स्टेट हाईवे पर बौधिया क्रेशर के पास सामने से मझगईं थाना क्षेत्र के छेदुई पतिया के रहने वाले शिवम 20 वर्ष पुत्र सम्बारी अपने चचेरे भाई हिमांशु के साथ बाइक पर पिरथीपुरवा चौराहे की तरफ जा रहे थे कि दोनों बाईकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में शिवम की मौके पर मौत हो गई। कविता की गोद में दो माह की बच्ची परी थी जो टक्कर में छिटक कर दूर जा गिरी। जिससे बच्ची की भी मौके पर ही मौत हो गई।

# आठ महीने के मासूम के साथ मां ने लगाई फांसी...मौत

### पंखे के सहारे साड़ी के दोनों तरफ लटके मिले शव, मरने से पहले जेठानी को किया था फोन

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में एक विवाहिता ने आठ माह के मासूम संग फंदा लगाकर जान दे दी। उनके शव साड़ी के दोनों तरफ कमरे में लटके मिले।

सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शवों को उतारकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच पड़ताल की। मायके वालों को घटना की जानकारी दी गई है। घटना जनपद के मऊदरवाजा थाने के मोहल्ला श्यामनगर की है।

मोहल्ला श्यामनगर निवासी अखिलेश



राजपूत समोसा बेचकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके तीन मकान है, एक में वह अपनी पत्नी आकांक्षा (24), आठ माह के पुत्र दिव्यांश के साथ रहते हैं। जबकि दूसरे मकान में जेठ पंकज व पत्नी के साथ रहते हैं। कुछ दूरी पर बने तीसरे मकान में सास माया देवी सबसे बड़े पुत्र होरीलाल के साथ रहती हैं।

रविवार को माया देवी आकांक्षा के घर आई। मुख्य गेट पर कुंडी न होने से रस्सी बंधी थी। काफी देर तक कुंडी न खुलने पर उसने सुनीता और मंदिर के पास समोसा बेच रहे पंकज को बुलाया।

रस्सी काटकर अंदर देखा, तो कमरे में पंखे के सहारे साड़ी के एक छोर पर आकांक्षा और दूसरे पर दिव्यांश लटका था। इस पर चीख-पुकार मच गई। इसी दौरान पति अखिलेश भी पहुंच गया और शवों को उतार लिया।

#### थाने जाकर दी सूचना

अखिलेश पुलिस को सूचना देने थाने गया। पुलिस ने उसे वहीं बैठा लिया। थानाध्यक्ष विनोद शुक्ला, फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

सीओ सिटी प्रदीप कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। घटना की सूचना पुलिस ने आकांक्षा के मायके गांव शिवली में दी।

# प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रसाद बांट रहे युवकों पर पथराव

**सहारनपुर।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सहारनपुर में भी उत्साह है। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काउंटर लगाकर प्रसाद का वितरण कर रहे कई युवकों पर मुस्लिम युवकों ने पथराव कर दिया। मुस्लिम युवक मारपीट कर फरार हो गए। जबकि एक नाबालिग युवक गिरफ्तार हुआ है। मामला थाना सिटी कोतवाली के ज्वालानगर का है।

खाना सिटी कोतवाली के मोहल्ला ज्वाला नगर की गली नंबर 4 के बाहर हिंदू युवकों ने प्रसाद का काउंटर लगाया हुआ था। तभी कुछ मुस्लिम युवकों ने हिंदू युवकों पर पर प्रभाव कर दिया उसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई।

मारपीट में हिंदू पक्ष का एक युवक पारस ढींगरा घायल हुआ है जबकि मुस्लिम पक्ष का एक युवक पुलिस की




हिरासत में है। युवक नाबालिग बताया जा रहा है जबकि अन्य युवक फरार हो गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के लोग भी पहुंच गए। जिन्होंने थाने में पहुंचकर घेराव किया। उन्होंने हंगामा भी किया।

फरार आरोपियों को गिरफ्तारी करने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भी थाने पहुंच गए। आश्वासन के बाद हिंदू संगठन के लोग वापस हुए। ज्वालानगर निवासी निशांत गुंबर, पारस धींगड़ा, अंकित छाबड़ा, मयंक गंभीर, बबलू चावला, साहित चुलबुली, सचिन काका आदि लोगों ने मोहल्ले में हर गली नंबर चार में एक काउंटर लगा रखा था और हलवा और लड्डू का प्रसाद लोगों को बांट रहे थे।

पारस धींगड़ा ने बताया कि उनका काउंटर कंपनी बाग के सामने लगा हुआ था। सोमवार की शाम करीब पौने पांच बजे कंपनी बाग की तरफ से दो से तीन पत्थर आए।

उन्होंने समझा कि वैसे ही आ गए होंगे। उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद फिर से बड़ी संख्या में पत्थर आने शुरू हो गए। जिस कारण उन्हें जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। कंपनी बाग में जाकर देखा तो 10 से 12 युवक पत्थरबाजी कर रहे थे। वह उन्हें देखकर भाग गए।

बाद में पारस धींगड़ा ने एक को पकड़ने का प्रयास किया तो उसे आरोपितों ने लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया, लेकिन पारस ने एक नाबालिग को पकड़ लिया। सूचना पर शहर कोतवाली, नई मंडी, कुतुबशेर आदि थानों की फोर्स पहुंच गई। बाद में नाबालिग को पकड़कर थाने लाया गया।

# आजमगढ़ में धार्मिक उन्माद फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ के पवई थाना क्षेत्र पुलिस ने अयोध्या में श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी शहंशाह के बारे में पुलिस को सूचना मिली की आरोपी टेंट हाउस चलाता है। आरोपी अपने मोबाइल नंबरों से 22 जनवरी से 24 जनवरी तक अयोध्या में होने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर विभिन्न नंबरों से सोशल मीडिया के ग्रुपों में शत्रुता बढ़ाने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से द्वेश पैदा करने वाले आडियो, मैसेज भेज रहा है।

आरोपी द्वारा भेजा जाने वाला यह मैसेज वायरल होने लगा। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

#### आरोपी को भेजा जा रहा जेल

सब इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि आरोपी शहंशाह आलम को हिरासत में लेकर पुलिस ने जब उसका फोन चेक किया, तो फोन में कई पोस्ट और वीडियो देखा गया। आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा जा रहा है।

जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस ने आरोपी का फोन भी बरामद कर लिया। जिससे आरोपी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

## शार्ट न्यूज

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट का 1 साल, न्यूनतम पॉइंट से 112 फीसदी ऊपर पहुंचा अदाणी ग्रुप

हिंडनबर्ग रिसर्च से धोखाधड़ी और हेरफेर के आरोपों का सामना करने के बावजूद, अरबपति गौतम अदाणी ने अपने समूह, अदाणी ग्रुप को मजबूत किया है। पिछले एक साल में, ग्रुप ने प्रमुख सुधारों पर फोकस किया, जिसमें कर्ज कम करना, संस्थापकों की शेयर प्रतिबद्धताओं को कम करना, नए निवेशकों को आकर्षित करना, प्रमुख प्रोजेक्ट को सुरक्षित करना और इन्वेस्टर्स के साथ कम्युनिकेशन में सुधार करना शामिल है। साथ ही, अदाणी ग्रुप भारत की वित्तीय राजधानी, मुंबई के लिए, एक नया हवाई अड्डा भी बना रहा है, और शहर की विशाल धारावी झुग्गी का पुनर्विकास कर रहा है। अदाणी समूह, बंदरगाहों, बिजली, हवाई अड्डों, डेटा केंद्रों, सौर परियोजनाओं और सीमेंट प्लांट जैसे बिजनेस के साथ, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख प्लेयर बन गया है। चुनौतियों का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन के बेहतर विकल्प के रूप में निवेशक भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हालांकि,पिछले कुछ समय में 90 बिलियन से अधिक की वृद्धि के साथ अदाणी के शेयरों में तेज उछाल आया है लेकिन वे अभी भी हिंडनबर्ग विवाद से पहले अपने पीक पॉइंट से 60 बिलियन कम हैं। चल रही चिंताओं में अदाणी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कथित निकटता, जटिल ऑफशोर स्ट्रक्चर और पोर्ट बिजनेस से ऑडिटर का इस्तीफा शामिल है, जिससे अकाउंटिंग प्रैक्टिस के बारे में सवाल उठ रहे हैं।

### बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर नियमों में आमूल-चूल बदलाव की तैयारी

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अपने निजीकृत राजमार्ग निर्माण मॉडल बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर (बीओटी) में आमूल-चूल बदलाव करने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद ज्यादा निजी डेवलपरों को आकर्षित करना है। इसमें ठेके को समाप्त करने और सड़क पर यातायात की मात्रा से जुड़े नियमों में बदलाव शामिल है। प्रस्तावित संशोधनों में विसंगतियों को दूर करने के लिए समझौते को समाप्त करने से संबंधित भुगतान का निर्धारण, वास्तविक यातायात पर आधारित कंसेशन की अवधि (पीसीयू) में संशोधन बनाम वाहनों के टोलिंग समूह के आधार और डिजाइन क्षमता से अधिक वास्तविक यातायात पर फिर से विचार किया जाना शामिल है। इसमें देरी की स्थिति में एनएचएआई की ओर से मुआवजे के भुगतान का प्रस्ताव भी शामिल है। नए प्रस्ताव में अप्रत्याशित स्थिति में परियोजना पूरी होने के पहले भुगतान समाप्त करने की परिभाषा के साथ अतिरिक्त टोलवे/ समानांतर सड़क के मामले में बाईबैक का नया प्रावधान भी होगा। अनुमान के मुताबिक राजमार्ग संबंधी बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए दीर्घावधि के हिसाब से 45 लाख करोड़ रुपये के करीब की जरूरत होगी। अधिकारियों ने कहा कि यह मांग पूरी करने में केंद्र सरकार अकेले सक्षम नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि अब लंबे समय से अटके सुधारों पर जोर देने की जरूरत है।

### निजी बंदरगाहों पर ढुलाई तेजी से बढ़ी, सरकारी बंदरगाहों की वृद्धि दर कम

देश के निजी और राज्य सरकार संचालित बंदरगाह (गैर प्रमुख बंदरगाह) वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में तेजी से बढ़े जबकि केंद्र सरकार संचालित (प्रमुख बंदरगाहों) की वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम रही। यह जानकारी ढुलाई के आंकड़े से मिली। अप्रैल और दिसंबर के दौरान प्रमुख बंदरगाहों की माल ढुलाई 5 प्रतिशत बढ़कर 60.4 करोड़ टन हो गई जबकि गैर प्रमुख बंदरगाहों की ढुलाई 11 प्रतिशत बढ़कर 53.1 करोड़ टन हो गई। केंद्र सरकार के संचालित बंदरगाहों से दिसंबर, 2023 के दौरान 699 लाख टन माल की ढुलाई हुई और इसमें 0.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हई जबकि इस दौरान गैर प्रमुख बंदरगाहों ने बीते साल की तुलना में 8.1 प्रतिशत ज्यादा 581 लाख टन माल की ढुलाई की। प्रमुख बंदरगाहों की इस महीने के दौरान विदेशी माल ढुलाई में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि तटीय माल ढुलाई करीब 8 प्रतिशत गिरकर 150 लाख टन हो गई। इससे कुल माल ढुलाई करीब सपाट रही। दिसंबर में गैर प्रमुख बंदरगाहों से विदेश को भेजे जाने वाले कार्गो में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि तटीय माल ढुलाई में 0.03 प्रतिशत की गिरावट आई। विशेषज्ञों के मुताबिक तमिलनाडु बिजली बोर्ड के तापीय कोयले की ढुलाई विशाखापट्टनम बंदरगाह की जगह आंध्र प्रदेश के गंगवरम बंदरगाह से हुई। इससे 2023-24 में आंध्र प्रदेश मैरीटाइम बोर्ड का तटीय ट्रैफिक 59 प्रतिशत बढ़ गया।

### देश में कोयले से बिजली उत्पादन 7 प्रतिशत बढ़ा

घरेलू कोयले पर आधारित बिजलीघरों में उत्पादन चालू वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में 7.14 प्रतिशत बढ़कर 872 अरब यूनिट रहा। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घरेलू कोयले पर आधारित बिजली उत्पादन का बढ़ना देश में बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए कोयले की पर्याप्त आपूर्ति को दर्शाता है। एक साल पहले की समान अवधि में घरेलू कोयला आधारित बिजली उत्पादन 813.9 अरब यूनिट रहा था। ताप-विद्युत बिजली इकाइयों को चलाने के लिए मुख्य ईंधन के तौर पर कोयले का इस्तेमाल होता है। कुल बिजली उत्पादन में ताप-विद्युत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से भी अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में कोयला आधारित बिजली उत्पादन एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 10.13 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल-दिसंबर, 2022 में बिजली उत्पादन 6.71 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में बिजली उत्पादक इकाइयों में मिश्रण के लिए कोयले का आयात 40.66 प्रतिशत घटकर 1.70 करोड़ टन रह गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.87 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया था। कोयला आधारित बिजली उत्पादन ने भारत की ऊर्जा मांग को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है। औद्योगिक वृद्धि, तकनीकी प्रगति, जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास जैसे कारकों से बिजली की मांग बढ़ी है।

# टैक्स कलेक्शन में उछाल, बजट में किसानों और गरीबों के लिए खुशखबरी

आयकर और जीएसटी मासिक संग्रह बढ़ने से सरकार अंतरिम बजट में राजकोषीय सूझबूझ पर चलते हुए भी किसानों और सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित करने की स्थिति में रहेगी। सूत्रों ने यह अनुमान जताया है। सरकार आम चुनाव में जाने के पहले एक फरवरी को अपना अंतरिम बजट पेश करेगी।



ऐसे में इस बजट में समाज के गरीब वर्गों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आय और कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन में उछाल दिख रहा है। इससे कुल प्रत्यक्ष टैक्स कलेक्शन बजट अनुमान से लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक रह सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था।

इस मद में 10 जनवरी, 2024 तक टैक्स कलेक्शन 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। अभी वित्त वर्ष पूरा होने में लगभग ढाई महीने का वक्त बाकी है। वहीं जीएसटी के मोर्चे पर केंद्रीय जीएसटी राजस्व 8.1 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से लगभग 10,000 करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है।

हालांकि उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह में करीब 49,000 करोड़ रुपये की कमी की आशंका है। केंद्र का सकल कर राजस्व 33.6 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से 60,000 करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अपनी बजट आकलन रिपोर्ट में कहा था कि अगले वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर एवं जीएसटी संग्रह के कारण सकल कर राजस्व 11 प्रतिशत बढ़ेगा लेकिन उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क संग्रह में वृद्धि कम रह सकती है।

इक्रा रेटिंग्स के मुताबिक, वर्तमान मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 9.5 प्रतिशत वृद्धि के पूर्वानुमान के साथ वित्त वर्ष 2024-25 में कर उछाल 1.2 रह सकती है। चालू वित्त वर्ष में इसके 1.4 रहने का अनुमान है।'' टैक्स कलेक्शन बढ़ने से सरकार राजकोषीय सशक्तीकरण मार्ग से हटे बगैर मनरेगा, ग्रामीण सड़क, पीएम किसान सम्मान निधि और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी सामाजिक योजनाओं के लिए अधिक धन आवंटित कर पाने की स्थिति में रहेगी।

चालू वित्त वर्ष में सरकारी प्राप्तियों और व्यय के बीच का अंतर यानी राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राजकोषीय घाटे को 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। डेलॉयट इंडिया में साझेदार संजय कुमार ने कहा कि फिलहाल सरकार के पास कुछ निश्चित राजकोषीय गुंजाइश है और वे अंतरिम बजट में उसे खर्च करना चाहेंगे।

कुमार ने कहा, 2024-25 के अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे, महिला केंद्रित योजनाओं के लिए आवंटन बढ़ने की उम्मीद है। चालू वर्ष के लिए सरकार के बजट का आकार 40 लाख करोड़ रुपये था और अगले वित्त वर्ष में इसके 10 प्रतिशत बढ़कर 43-44 लाख करोड़ रुपये हो जाने की संभावना है।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे अंबानी, बिड़ला, मित्तल



एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा में अरबपति मुकेश अंबानी पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और उनकी पत्नी अनन्या बिड़ला, भारती एयरटेल के प्रमुख सुनील भारती मित्तल और अनिल अंबानी भी उपस्थित थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने अपनी पत्नी नीता अंबानी के साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर में महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह से पहले श्री मुकेश अंबानी ने कहा, %आज भगवान राम का आगमन हो रहा है, 22 जनवरी को पूरे देश के लिए राम दिवाली होगी। रिलायंस जियो के अध्यक्ष आकाश अंबानी भी अपनी पत्नी श्लोका मेहता के साथ राम मंदिर में मौजूद थे। उन्होंने कहा, यह दिन इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा, हम यहां आकर खुश हैं। इसमें अनंत अंबानी भी नजर आए। इस कार्यक्रम में अनंत अंबानी की मंगेतर राधिका मर्चेंट भी मौजूद थीं। अंबानी परिवार अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने के लिए एक साथ आया। उद्योगपति अनिल अंबानी भी मौजूद थे। आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और अनन्या बिड़ला भी मौजूद थे। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष, सुनील भारती मित्तल भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में थे।

## सोनी ने जी के साथ विलय समझौता रद्द किया, शर्तों को पूरा नहीं करने के कारण लिया फैसला




नई दिल्ली। सोनी ने अपनी भारतीय इकाई और जी के बीच 10 अरब डॉलर के विलय को रद्द कर दिया है। सोनी ने इस संबंध जी को पत्र भेजकर सूचना दे दी है। सोनी के इस फैसले से पिछले दो साल से जारी विलय की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। सोनी ने कथित तौर पर सोमवार को इस संबंधि में जी को एकपत्र भेजा और उम्मीद है कि जल्द ही एक्सचेंज को इसकी जानकारी दे दी जाएगी। सोनी ने सौदे को रद्द करने के कारण के रूप में विलय समझौते की शर्तों को पूरा नहीं करने का हवाला दिया है। सोनी और जी के बीच विलय समझौता टूटने के बीच जी समूह के एमडी पुनीत गोयनका परिवार के साथ अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में दिखे। घोषणा के दो साल बाद, जी-सोनी विलय सौदे को समाप्त कर दिया गया है। स्टार और डिज्नी इंडिया के बाद जी और सोनी के विलय को दूसरा सबसे बड़ा विलय करार दिया गया था। इसके तहत दो ओटीटी प्लेटफार्मों के अलावा मनोरंजन, खेल और क्षेत्रीय बाजारों में मजबूत उपस्थिति के साथ 75 चैनलों के एक संयुक्त इकाई की परिकल्पना की गई थी। इस समझौते का रद्द होना जी और सोनी दोनों के लिए एक झटके की तरह है, अब लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी हुई हैं कि आगे क्या होगा? जी समूह ने सोनी की ओर से विलय समझौते को रद्द करने के बाद कहा है कि वह समूह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

# तरुण खुल्बे बने जिंदल स्टेनलेस के सीईओ

नयी दिल्ली । जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने श्री तरुण खुल्बे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में पदोन्नत करने की मंजूरी दे दी है।



कंपनी ने आज यहां जारी बयान में बताया कि हाल ही में हुई एक बैठक में, बोर्ड ने पेशेवर रूप से प्रबंधित और एकीकृत संगठन संरचना स्थापित करने के उद्देश्य से इस निर्णय को अपनी मंजूरी दी। बोर्ड ने कंपनी का नेतृत्व करने के लिए श्री खुल्बे के असाधारण नेतृत्व कौशल, रणनीतिक दृष्टि और आधारभूत सिद्धांतों के प्रति समर्पण को भी स्वीकार किया है।

वह मुख्य कार्यकारी के अलावा पूर्णकालिक निदेशक के पद पर बने रहेंगे जिस पर वह मई 2018 से हैं। उन पर कॉर्पोरेट मामलों, बिक्री एवं विपणन, रणनीतिक पहलों और अनुषंगी कंपनियों की ज़िम्मेदार रही है।लगभग 35 वर्ष का अनुभव रखने वाले श्री खुल्बे ने व्यवसायों के विस्तार और जेएसएल की लाभप्रदता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जेएसएल में अपने लगभग 20 साल के कार्यकाल में, उन्होंने संचालन, व्यवसाय विकास, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, कर्मचारी व्यवहार और आईटी सक्षमता के सभी क्षेत्रों में समग्र अनुभव प्राप्त किया। उनके नेतृत्व में जेएसएल ने अपने नवीनतम और पिछले विस्तार अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न किए। उन्होंने जेएसएल की जाजपुर इकाई के परिचालन परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो बाद में कंपनी के वित्तीय वृद्धि को प्रेरित करने में अहम साबित हुई।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए कहा, शॉप फ्लोर से बोर्ड रूम तक का विविध अनुभव रखने वाले श्री खुल्बे सीईओ के पद के लिए सही विकल्प हैं। दीर्घकालिक व्यापार रणनीतियों को तैयार करने और संचालन व बिक्री के सभी पहलुओं को मजबूत बनाने में उनका अनुभव सराहनीय रहा है। ऐसे समय में जब कंपनी अपने विभिन्न आयामों का विस्तार करते हुए उन्हें परिपक्व बना रही है, श्री खुल्बे का शीर्ष पद पर होना हमारी विकास योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

जिंदल स्टेनलेस के सीईओ, श्री तरुण खुल्बे ने अपनी पदोन्नति पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, इस प्रतिष्ठित संगठन का नेतृत्व करना गर्व और विशेषाधिकार की बात है। यहां पिछले दो दशक प्रेरणादायक और समृद्ध रहे हैं। एक ओर, मुझे संचालन, विस्तार, व्यवसाय विकास और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में कुछ सबसे जटिल कार्य सौंपे गए तो दूसरी ओर, मुझे इन सभी क्षमताओं में प्रदर्शन करने के लिए पदोन्नत एवं प्रोत्साहित किया गया और सशक्त बनाया गया। मैं वास्तव में अपने प्रयासों के लिए प्रसन्न महसूस करता हूं और कंपनी को विकास के नए क्षितिज पर ले जाने के लिए तत्पर हूं।

# दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 35 रिंगिट फिसलकर 3927 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट की बढ़त के साथ 47.20 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे -

दाल-दलहन : चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल = 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4550-4650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 13113 रुपये, मूंगफली तेल 19633 रुपये, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये, सोया रिफाइंड 10989 रुपये, पाम ऑयल 8000 रुपये और वनस्पति तेल 9666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### लाल सागर, अदन की खाड़ी में जहाजों पर हमले का दिख रहा असर


भारत ईरान से कच्चे तेल का आयात बहाल करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर और अदन की खाड़ी वाले इलाकों में व्यापारिक जहाजों पर हमले तेज कर दिए हैं। इस मामले से जुड़े कई सूत्रों ने यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले हफ्ते की ईरान यात्रा के दौरान संभवत: इस मसले पर द्विपक्षीय बातचीत हुई थी। ईरान से आने वाला तेल फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के रास्ते आ सकता है, जहां हूती विद्रोहियों की उपस्थिति बहुत सीमित है। सूत्रों ने कहा कि हूतियों के ईरानी प्रशासन के साथ अच्छे संबंध रहे हैं और ईरान के लिए महत्त्वपूर्ण व्यापार के खिलाफ उनके कदम की उम्मीद नहीं की जाती। भारत ने अब तक ऐसे किसी देश से तेल नहीं खरीदा है, जिस पर वैश्विक प्रतिबंध लगा हो।

### वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने राम मंदिर पर की बड़ी टिप्पणी, कहा हर साल पांच करोड़ लोग पहुंचेंगे

नई दिल्ली। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में बताया है कि अयोध्या में राम मंदिर सालाना पांच करोड़ से अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर भारत की पर्यटन क्षमता को एक नए स्तर पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। जेफरीज ने भारत की पर्यटन क्षमता पर एक विशेष नोट में कहा, पीएम मोदी द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन एक बड़ा धार्मिक कार्यक्रम है। यह एक बड़े आर्थिक प्रभाव के साथ भी आता है क्योंकि भारत को एक नया पर्यटन स्थल मिलता है जो प्रति वर्ष पांच करोड़ से अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर सकता है। 85,000 करोड़ रुपये का मेकओवर (नया हवाई अड्डा, नया रेलवे स्टेशन, टाउनशिप, बेहतर सड़क संपर्क आदि) नए होटलों और अन्य आर्थिक गतिविधियों से पर्यटन क्षेत्र नए मुकाम पर पहुंचेगा। यह पर्यटन के लिए बुनियादी ढांचे के विकास के मापदंड भी तय कर सकता है। जेफरीज ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर एक सार्थक रूप से बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है। लगभग 70 एकड़ में फैला मुख्य तीर्थ स्थल, लगभग दस लाख भक्तों को एक साथ होस्ट करने के लिए सुसज्जित होगा। जेफरीज की ओर से कहा गया है कि प्रति दिन 1-1.5 लाख तीर्थयात्रियों के प्रतिदिन पहुंचने की उम्मीद है।जेफरीज ने कहा, धार्मिक पर्यटन अब भी भारत में पर्यटन का सबसे बड़ा खंड है। कई लोकप्रिय धार्मिक केंद्र मौजूदा ढांचागत बाधाओं के बावजूद 10-30 मिलियन के वार्षिक पर्यटक यातायात को आकर्षित करते हैं। इसलिए, बेहतर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के साथ एक नए धार्मिक पर्यटन केंद्र (अयोध्या) का निर्माण एक सार्थक रूप से बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा कर सकता है।

## कंपनी ने दर्ज किया 35.7 फीसदी का नेट प्रॉफिट, टोटल इनकम भी बढ़ी

पर्सनल और ओरल केयर प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी कोलगेट-पॉमोलिव इंडिया ने आज यानी 22 जनवरी को वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि उसने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 35.7 फीसदी के साथ 330 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है।




पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 243 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया था। कंपनी ने बताया कि उसकी परफॉर्मेंस इस तिमाही में शहरी इलाकों में बढ़ी मांग और खर्च में गिरावट के कारण हुआ है।

### बढ़ी टोटल इनकम

कोलगेट पॉमोलिव की टोटल इनकम में भी 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही में बढ़ोतरी देखने को मिली। कंपनी ने इस तिमाही में सालाना आधार पर 1413.54 करोड़ रुपये की टोटल इनकम दर्ज की है। जबकि, पिछले साल की समान अवधि में यह 1301.68 करोड़ रुपये थी। हालांकि तिमाही आधार पर इसकी टोटल इनकम में कमी आई है। सितंबर तिमाही में कंपनी ने 1492.10 करोड़ रुपये की टोटल इनकम दर्ज की थी।

कंपनी ने कहा कि शहरी इलाकों के कंज्यूमर्स ने ज्यादा खरीदारी की, जिसकी वजह से कंपनी की औसत आय बढ़ गई। कम इन्वेंट्री और कच्चे माल की लागत में कमी की वजह से कंपनी के कुल खर्च में 0.5त्न की गिरावट आई। एक साल पहले की समान अवधि में 974.75 करोड़ रुपये के मुकाबले इस तिमाही में इसका कुल खर्च घटकर 970.14 करोड़ रुपये हो गया है। हालांकि सितंबर तिमाही में यह 1034.29 करोड़ रुपये था।

### बढ़ी बिक्री

अमेरिकी कंज्यूमर गुड्स बनाने वाली इस कंपनी की भारतीय ब्रांच की बिक्री 8.2 फीसदी बढ़कर 1,386 करोड़ रुपये हो गई। इसके पीछे की मुख्य वजह कंपनी की ओरल केयर कैटेगरी में सुधार मानी जा रही है।

### बढ़ा रेवेन्यू

Colgate-Palmolive India का ऑपरेशन से रेवेन्यू भी दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर बढ़कर 1386.41 करोड़ रुपये हो गया है। जबकि, पिछले साल की समान अवधि में यह 1281.21 करोड़ रुपये था। सितंबर तिमाही में कंपनी ने 1462.38 करोड़ रुपये का ऑपरेशन से रेवेन्यू दर्ज किया था। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, CEO प्रभा नरसिम्हन ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने तिमाही के दौरान एक कैंपेन भी चलाया जो शहरी भारत में 30 करोड़ से ज्यादा लोगों तक पहुंचा। गौरतलब है कि इसकी प्रतिस्पर्धी कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर ने भी शुक्रवार को अपने तिमाही रिजल्ट्स जारी किए थे। लेकिन, ग्रामीण बाजारों में मांग कमजोर होने के कारण प्रॉफिट उम्मीद से कम रहा।

### शेयरों का हाल

इस साल अब तक कोलगेट-पामोलिव के शेयरों में 0.26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि निफ्टी FMCG इंडेक्स में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई है।

पिछले कारोबारी दिन में BSE पर कंपनी का शेयर 1.77 फीसदी की उछाल के साथ 2534.15 रुपये पर बंद हुआ था।

# वेंचर कैपिटल फंडिंग में भारत की हिस्सेदारी 5 साल में सबसे कम, सबसे ज्यादा जूझ रहे स्टार्टअप

कुल वैश्विक वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग में भारत की हिस्सेदारी कैलेंडर वर्ष 2023 में कम होकर 2.9 प्रतिशत रह गई, जो कैलेंडर वर्ष 19 के बाद से सबसे निचले स्तर 7.3 अरब डॉलर पर आ गई। अधिकांश स्टार्टअप रकम जुटाने के लिए जूझते नजर आए। कारण कि वे अपने पुराने मूल्यांकन के साथ कोई समझौता नहीं करनवा चाहते थे। वीसी फंडिंग पर सीबी इनसाइट्स के वैश्विक आंकड़ों के अनुसार भारतीय स्टार्टअपों को मिलने वाली फंडिंग कैलेंडर वर्ष 22 की तुलना में लगभग एक-तिहाई कम हो गई। तब यह 20.6 अरब डॉलर तक पहुंच गई थी और वैश्विक फंडिंग का 4.8 प्रतिशत हिस्सा थी। हालांकि आंकड़ों से पता चलता है कि दुनिया में 71 नए यूनिकॉर्न (एशिया में 21) थे, लेकिन इनमें भारत के दो ही यूनिकॉन थे



जबकि कैलेंडर वर्ष 22 में यह संख्या 22 थी। कुल सौदों में भारत की हिस्सेदारी में भी गिरावट देखी गई है, जो कैलेंडर वर्ष 23 के दौरान सभी वैश्विक सौदों में केवल 3.6 प्रतिशत रही। कैलेंडर वर्ष 22 में यह हिस्सेदारी 4.2 प्रतिशत थी। वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में भारत में एक ही ऐसा सौदा रहा, जो शीर्ष 10 वैश्विक सौदों की सूची में था। यह उड़ान का कम मूल्यांकन पर धन जुटाने का मामला था। फंडिंग का स्वरूप भी बदल गया है। कैलेंडर वर्ष 23 में अंतिम चरण वाली फंडिंग का हिस्सा 9 प्रतिशत था, जबकि इससे पिछले वर्ष यह हिस्सेदारी 12 प्रतिशत थी। मध्य चरण की फंडिंग की हिस्सेदारी में भी दो प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन शुरुआती चरण की फंडिंग की हिस्सेदारी में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह कैलेंडर वर्ष 22 के 75 प्रतिशत से बढ़कर कैलेंडर वर्ष 23 में 78 प्रतिशत हो गई। अंतिम चरण की फंडिंग वाले स्टार्टअपों के लिए अपना मूल्यांकन कम किए बिना पैसा जुटाना मुश्किल हो गया है या फिर उनसे कहा गया कि वे फंडिंग के लिए तभी आएं, जब उन्हें मुनाफा होने लगे। अधिकांश वीसी ने कम जोखिम वाले छोटे स्टार्टअपों की फंडिंग पर ध्यान केंद्रित किया। अपनी अर्थव्यवस्था में तमाम उथल-पुथल के बावजूद चीन ने भारत से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया। यह कैलेंडर वर्ष 23 में 27.4 अरब डॉलर की वीसी फंडिंग जुटाने में कामयाब रहा, हालांकि इसमें भी भारी गिरावट देखी गई। 27.4 अरब डॉलर का यह आंकड़ा कैलेंडर वर्ष 22 की तुलना में एक-चौथाई कम रहा, जब चीन ने 100 अरब डॉलर का स्तर पार कर लिया था।

## शार्ट न्यूज

### महाराष्ट्र के जिमनास्ट आर्यन दावंडे ने जीता सोना

चेन्नई। गत चैंपियन महाराष्ट्र ने सोमवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में अपना स्वर्ण पदकों का खाता खोला जब जिमनास्ट आर्यन दावंडे ने यहां एसडीएटी एक्वेटिक्स कॉम्प्लेक्स में आर्टिस्टिक ऑल-राउंड का ताज जीता। दावंडे ने कुल 73.200 अंक अर्जित कर उत्तर प्रदेश के प्रणव मिश्रा (72.470 अंक) को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश के हर्षित ने 71.700 अंकों के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इस इवेंट में लड़कों के बीच विजेता का फैसला करने के लिए छह अलग-अलग उपकरणों पर प्रदर्शन करना होता है। स्वर्ण पदक ने महाराष्ट्र को चार रजत और छह कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ पदक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की है। मेजबान तमिलनाडु पांच स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। साइकिल चालक जे श्रीमाथी ने टीएनपीईएसयू वेलोड्रोम में गर्ल्स टाइम ट्रायल में 39.752 के समय के साथ राज्य के लिए स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी राज्य साथी आर तमिलरा ने 41.028 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। राजस्थान की विमला ने रजत पदक जीता। लड़कों के टाइम ट्रायल में, तेलंगाना के आशीर्वाद सक्सेना ने 1:12.652 मिनट के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र के वेदांत जाधव (1:13.362 मिनट) और हरियाणा के गुरमूर पूनिया (1:14.192 मिनट) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

### अंडर-19 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को चार विकेट से हराया

किंबरली 22 जनवरी (वार्ता) कैलम विडलर के चार और टॉम स्ट्राकर के तीन विकेटों और उसके बाद कप्तान ह्यू वेइब्गेन नाबाद 39 रनों की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्वकप ग्रुप सी के सोमवार को खेले गये नौवें मैच में नामीबिया को 33.1 ओवर में 91 रन पर ढ़ेर करने के बाद 19.5 ओवर में छह विकेट पर 95 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। 91 रनों का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी खराब रही और उसने छह ओवर में 30 रन पर अपने दो विकेट खो दिये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान ह्यू वेइब्गेन नाबाद 39 रनों की पारी खेलते हुए पारी को संभाला और 19.5 ओवर में टीम को जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बल्लेबाजी में हैरी डिक्सन और रैफ़ मैक्मिलन ने 16-16 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के भी चार खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से जैक ब्रासेल ने तीन विकेट लिये। हैनरो बैडेनहॉर्स्ट को दो विकेट मिले। हेनरी वान विक ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की शुरुआत खराब रही और 5.2 ओवर में छह रन पर अपने दो विकेट गंवा दिये। नामीबिया की ओर से जोहान्स विसागी ने सर्वाधिक 29 रन बनाये।

### निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे कोहली: बीसीसीआई

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई ने आज यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, विराट ने इस बारे में कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और यह भी कहा है कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना उनकी पहली प्राथमिकता है, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से वह पहले दो टेस्ट मैचों का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। कोहली ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला में खेला था। उन्होंने अफगानिस्तान के साथ टी-20 श्रृंखला में लंबे समय बाद वापसी की थी। बीसीसीआई ने अभी तक कोहली की जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है, लेकिन दौड़ में सबसे आगे चेतेश्वर पुजारा, रजत पाटीदार, अभिमन्यु ईश्वरन और सरफराज खान शामिल हैं। पुजारा ने आखिरी बार भारत के लिए पिछले वर्ष विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था। इस साल की रणजी ट्रॉफी की शुरुआत झारखंड के खिलाफ नाबाद दोहरे शतक और अपने अगले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक अर्धशतक लगाया।

### सात महीने तक ऐहेन मुनोज मैदान पर नहीं उतर सकेंगे

मैड्रिड। पिछले मैच के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण ऐहेन मुनोज करीब सात महीने तक मैदान पर नहीं उतर सकेंगे और रियल सोसिएदाद क्लब को ला लीगा के शेष सत्र में उनके बिना मैदान पर उतरना होगा। क्लब ने बताया कि रविवार को हुई जांच के बाद पता चला है कि ऐहेन कम से कम अगस्त तक मैदान से बाहर रहेंगे। क्लब ने बयान में कहा, एहेन मुनोज़ की जांच के बाद पता चला है कि उनके बाएं घुटने में आगे का क्रूसिएट लिगामेंट फट गया है। आगामी कुछ दिनों में उनकी सर्जरी होगी। अब किरन टियरनी रियल सोसिएदाद टीम में एकमात्र उपलब्ध लेफ्ट-बैक रह गए हैं, जो कोपा डेल रे और यूईएफए चैंपियंस लीग के साथ-साथ ला लीगा में भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि शनिवार रात को सेल्टा विगो के खिलाफ 1-0 की जीत में एहेन मुनोज का क्रूसिएट लिगामेंट फट गया था, जिसके कारण उन्हें मैच के 39वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा था।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में



मेलबर्न। भारतीय टेनिस स्टॉर रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन की जोड़ी सोमवार को वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये है। आज यहां बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 14वीं वरीयता प्रापत वेस्ले कूलहोफ और निकोला मेक्टिक की डच-क्रोएशियाई जोड़ी को 7-6 (10-8), 7-6 (7-4) से हराकर अंतिम आठ चरण में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही बोपन्ना ने पुरुष युगल विश्व रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और क्वार्टरफाइनल में जीत के साथ वह शीर्ष रैंकिंग में पहुंच जायेंगे। क्वार्टरफाइनल में बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी अब छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना की जोड़ी मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से मुकाबला करेगी।

### गुरजोत और रेजा ने जीता कांस्य

कुवैत सिटी। 19 वर्षीय रेजा ढिल्लों ने एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को अपना तीसरा पदक जीता। उन्होंने गुरजोत खंगूड़ा के साथ मिलकर स्कीट की मिश्रित स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने महिला स्कीट में रजत जीतकर देश को एक और ओलंपिक कोटा दिलाया था। साथ ही उन्होंने टीम का स्वर्ण भी जीता था। भारत ने इस चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। भारतीय शूटर पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहे। रेजा के अलावा इस चैंपियनशिप में पुरुषों की स्कीट में अनंतजीत सिंह नरूका ने रजत पदक जीतकर देश को ओलंपिक कोटा दिलाया था। भारतीय शूटर अब तक रिकॉर्ड 19 ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। रेजा और गुरजोत ने रविवार को कुवैत के अब्दुल्ला अलरशीदी और एमान अल शमा को 41-39 से हराकर कांस्य जीता।

# आईसीसी टी-20 टीम ऑफ द ईयर में सूर्यकुमार यादव कप्तान

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सोमवार को भारतीय टीम के तूफानी बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आईसीसी पुरुष टी-20 टीम ऑफ द ईयर का कप्तान सूर्यकुमार यादव को चुना है।

आईसीसी ने वर्ष 2023 में शानदार प्रदर्शन करने वाले 11 खिलाड़ियों को आईसीसी टीम ऑफ द ईयर से सम्मानित किया है।

इस सूची में चार पुरुष और एक महिला समेत पांच भारतीय क्रिकेटरों का नाम शामिल है। आईसीसी पुरुष टी-20 टीम ऑफ द ईयर 2023 में सूर्यकुमार यादव ने लगातार दूसरे वर्ष टीम में जगह बनाई और उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया। उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दो शतक भी बनाए हैं।

एकदिवसीय विश्वकप के बाद रोहित शर्मा के ब्रेक लेने के बाद सुर्यकुमार यादव ने भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व भी किया। सूर्यकुमार के अलावा उनके टीम के साथी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और गेंदबाज रवि बिश्नोई और अर्शदीप सिंह ने भी पुरुष टीम में जगह बनाई है।

बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने 2023 में अपना टी-20 में पर्दापण किया और पिछले साल हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों में भारत के स्वर्ण पदक जीतने के अभियान में शतक भी बनाया था।

इस बीच, लेग स्पिनर बिश्नोई साल खत्म होने पर आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर वन गेंदबाज बन गए।

बिश्नोई भी एशियाई खेलों में भारतीय टीम के सदस्य थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 2023 एशियाई खेलों के अभियान के लिए जाने से पहले श्रीलंका, न्यूज़ीलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ ठोस प्रदर्शन से खूब प्रभावित किया था।



जहां पुरुष टीम में चार पुरुषों ने जगह बनाई, वहीं महिला टीम में केवल एक भारतीय खिलाड़ी ने एकादश में जगह बनाई। निचले क्रम की उपयोगी बल्लेबाज, दीप्ति शर्मा की किफायती गेंदबाजी आंकड़ों ने आईसीसी महिला टी-20 टीम ऑफ द ईयर 2023 में जगह बनायी है। फरवरी में केपटाउन में महिला टी-20 विश्वकप के दौरान दीप्ती ने तीन बार चार विकेट लिए जिससे भारतीय महिला क्रिकेट टीम टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल हुई।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया मैक्सवेल के शराब कांड की जांच कर रहा है

एडिलेड। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बीते शुक्रवार को शराब से संबंधित घटना के बाद ग्लेन मैक्सवेल को कुछ समय के लिए अस्पताल में भर्ती कराये जाने की घटना की जांच कर रहा है। डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार यह घटना उस समय घटी जब मैक्सवेल ब्रेट ली के बैंड सिक्स एंड आउट को देख रहे थे। वास्तव में क्या हुआ यह अभी भी पता नहीं चल सका है, लेकिन यह पता चला है कि एम्बुलेंस को बुलाकर मैक्सवेल को अस्पताल ले जाया गया था, हालांकि वहां उन्हें थोड़े समय के लिये रखा गया था। इससे पहले सोमवार को मैक्सवेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया था। हालांकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का कहना था कि इसका एडिलेड की घटनाओं से कोई लेना-देना नहीं है। एक बयान में कहा गया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एडिलेड में ग्लेन मैक्सवेल से जुड़ी घटना से अवगत है और वह इसकी अधिक जानकारी मांग रहा है।

# इंग्लैंड टीम के साथ नहीं आ सके शोएब बशीर



अबू धाबी। वीजा समस्याओं के कारण संयुक्त अरब अमीरात में शोएब बशीर को भारत आने से रोक दिया गया है। हालांकि इंग्लैंड की टीम ने उनके बिना हैदराबाद में टेस्ट सीरीज की तैयारी शुरू कर दी है।

इंग्लैंड अबू धाबी में अभ्यास शिविर लगाने के बाद गुरुवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला के लिए रविवार को भारत पहुंची, जहां कागजी काम में देरी होने की वजह से बशीर टीम के साथ नहीं आ सके। समरसेट ऑफ स्पिनर के माता-पिता पाकिस्तानी मूल के हैं उनके साथ स्टुअर्ट हूपर भी हैं, जो हाल ही में ईसीबी में क्रिकेट संचालन के नए प्रबंध निदेशक के रूप में शामिल हुए हैं।

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मक्कुलम ने कहा कि ईसीबी ने भारत सरकार सहित संबंधित अधिकारियों के समक्ष यह मामले को उठाया है और अगले 24 घंटों में सकारात्मक खबर की उम्मीद है। इंग्लैंड जल्दी समाधान को लेकर आशावादी है और सोमवार शाम को डैन लॉरेंस के भी आने की उम्मीद है।

हालांकि बशीर के दो दिन की तैयारी से चूकने की संभावना है। इंग्लैंड की टीम मंगलवार की सुबह राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में अभ्यास करेगी। मक्कुलम ने जोर देकर कहा कि वह अभी भी शुरुआती टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। 20 वर्षीय बशीर टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं। उन्होंने 67 की औसत से 10 प्रथम श्रेणी विकेट लिए हैं।

मक्कुलम ने कहा कि उम्मीद है कि बैश कल हमारे साथ जुड़ेंगे। उनके वीज़ा को लेकर कुछ समस्याएं हैं। हमें विश्वास है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारत सरकार की मदद से हम जल्द ही इसका समाधान निकाल लेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया ने फ्रेजर-मैकगर्क और बार्टलेट को किया एकदिवसीय टीम में शामिल

**मेलबर्न**। ऑस्ट्रेलिया ने युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और नये तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। वहीं ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया है तथा झे रिचर्डसन चोट के कारण बाहर हो गए हैं। फ्रेजर-मैकगर्क ने विक्टोरिया से दक्षिण ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद घरेलू सत्र की शुरुआत में मार्श कप में 29 गेंदों में विश्व-रिकॉर्ड शतक लगाया था। उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल में 32.12 की औसत और 158.64 की स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाने से पहले अपनी पूर्व टीम के खिलाफ पहला प्रथम श्रेणी शतक भी बनाया। कुछ दिन पहले उन्होंने आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के लिए पदार्पण के दौरान 25 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली थी। वहीं बार्टलेट ने इस सत्र के बीबीएल में ब्रिस्बेन हीट के साथ अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें हाल ही में चोट के कारण टीम से बाहर हुये रिचर्डसन की जगह टीम में शामिल किया गया है। बार्टलेट अपनी तेज आउटस्विंग से सबका आकर्षित किया है। उन्होंने हीट की ओर से खेलते हुए पावरप्ले में महत्वपूर्ण विकेट और डेथ ओवरों में भी अहम भूमिका निभाई है।

# सचिन-मिताली और साइना समेत कई हस्तियां ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बताया

अयोध्या। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर, महिला क्रिकेटर मिताली राज, बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, मिताली राज, अनिल कुंबले, पीटी उषा, वेंकटेश प्रसाद समेत कई खेल जगत की हस्तियां ने सोमवार को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए इसमें शामिल होने पर खुशी जाहिर की है।

आज श्री रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर्व पर यहां पहुंचे खेल जगत के दिग्गज खिलाड़ी पारंपरिक परिधान में भी नजर आए और इस दौरान उनके साथ सेल्फी के लिए प्रशंसक उन्हें घेरे देखे गये। समारोह के दौरान साइना नेहवाल काले रंग पर छींटे वाली जैकेट और गले में राम नाम का पीला गमछा डाले हुए थी। वहीं मिताली राज भी हरे रंग के कुर्ता पहने हुए थी।

महिला क्रिकेटर मिताली राज ने इस दौरान कहा कि आज मुझे महसूस हो रहा है कि जब कोई किसी धार्मिक स्थान पर होता है तो उसे (मिताली को) क्या महसूस होता है। हम सभी बहुत लंबे समय से यही चाहते थे और मुझे लगता है कि इस बड़े अवसर पर यहां आना एक आह्वान है। यह एक उत्सव है। हम सभी यहां आकर और उत्सव का हिस्सा बनकर खुश हैं।

साइना नेहवाल ने कहा कि वह इस समारोह में शामिल होकर खुद को भाग्यशाली मान रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय का इंतजार खत्म हुआ। हम सभी मंदिर के द्वार खुलने का इंतजार कर रहे हैं। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। वहीं, देश की उड़नपरी के नाम से विख्यात पीटी उषा ने कहा, हमारे पूज्य भगवान राम की जन्मभूमि, पवित्र धरती पर आकर अपने आप को बहुत धन्य महसूस कर रही हूं। भगवान श्री राम के सिद्धांत और नैतिकता हमें सही रास्ते पर ले जाते हैं और मैं प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।

क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा, यह एक अद्भुत और बहुत ही दिव्य अवसर है। इसका हिस्सा बनकर धन्य हूं।

# चीनी कंपनी ने महिला कर्मचारी को दी मूड लीव

## बॉस बोला- मन दुखी हो तो छुट्टी लेने में बुराई नहीं; बर्फबारी नहीं होने से उदास थी एम्प्लॉई

चीन की एक कंपनी ने अपनी महिला कर्मचारी को मूड लीव दी है। इसके बाद से कंपनी और महिला दोनों ही सुर्खियां बटोर रहे हैं।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक बर्फबारी नहीं होने के चलते फीमेल एम्प्लॉई उदास थी।

रिपोर्ट में लिखा गया- झेजियांग प्रांत के हांग्जो शहर में रहने वाली एक महिला कर्मचारी इस बात से उदास थी कि वो जहां रहती है वहां बर्फबारी नहीं हुई, इसलिए उसने मूड लीव अप्लाई कर दी। उसके बॉस ने लीव अप्रूव भी कर दी।

### चीनी सोशल मीडिया साइट्स पर महिला का एक वीडियो वायरल

चीनी सोशल मीडिया साइट्स पर इस महिला का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें महिला एक लीव एप्लीकेशन भरती नजर आ रही है।



उसने लिखा- हांग्जो में बर्फ नहीं गिर रही है। मैं दुखी हूं।

महिला ने कहा- हमारी कंपनी वुमेन्स डे, चिलड्रन्स डे, शादी की छुट्टियों के साथ मूड लीव भी देती है।

हमारे बॉस का कहना है कि अगर कर्मचारी दुखी महसूस कर रहे हैं और उन्हें मोटिवेटिड फील नहीं हो रहा है तो वो कभी भी मूड लीव मांग सकते हैं। इससे उनकी सैलरी या बोनस पर कोई असर नहीं होगा। हाल ही में इस कंपनी के CEO ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि कर्मचारी अगर दुखी है तो बॉस से खुलकर कह सकता है कि वो काम नहीं करना चाहता है। वो मूड लीव ले सकता है। इसमें कोई बुराई नहीं है।

रिपोर्ट में कंपनी, महिला कर्मचारी या उसे एक साल में कितनी मूड लीव मिली है, इसका जिक्र नहीं किया गया।

### नेटीजन्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही

चीनी सोशल मीडिया साइट्स पर नेटीजन्स मूड लीव को लेकर मिक्स रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- कंपनी का बॉस काफी अच्छा है। अगर कर्मचारी का मन दुखी है तो वो अच्छे से काम नहीं कर पाता। इससे कई बार कंपनी को लॉस होता है।

दूसरे यूजर ने लिखा- छुट्टी के लिए ऐसी वजह देना साफ बताता है कि कर्मचारी काम नहीं करना चाहता बल्कि घूमना और मस्ती करना चाहता है।

एक अन्य यूजर ने लिखा- इस तरफ के बॉस और कंपनी की सराहना की जानी चाहिए। दुनिया में छुट्टी के बहानों की कमी नहीं है। इन्हें समझने वाला बॉस चाहिए। हम कुछ वक्त अपनी खुशियों के लिए निकालना चाहिए।

# चीन में भूस्खलन, 47 लोग मलबे में दबे, 8 मौतें

## कई घर तबाह, 500 लोगों का रेस्क्यू, चश्मदीद बोले- भूकंप जैसा महसूस हुआ

बीजिंग। चीन के यूनान प्रांत के झाओतोंग शहर में सोमवार सुबह भूस्खलन हुआ। आठ लोगों की मौत हो गई। आंकड़ा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। बीबीसी के मुताबिक 47 लोग मलबे में दबे हुए हैं। इन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अब तक 500 लोगों को बचाया जा चुका है। इसके पहले 2013 में झाओतोंग शहर में भूस्खलन हुआ था। तब 13 लोगों की मौत हुई थी। ताजा अपडेट के मुताबिक 18 घर तबाह हो चुके हैं। एक चश्मदीद ने बताया कि भूस्खलन सोमवार तड़के हुआ। उसने कहा- हम सो रहे थे। अचानक से तेज आवाज हुई, जैसा बम फटा हो। फिर जमीन में कंपन महसूस हुई। ऐसा लगा की भूकंप आ गया।

### खराब मौसम रेस्क्यू में बाधा

चीनी मीडिया सीसीटीवी के मुताबिक 200 बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों



को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं। जहां भूस्खलन हुआ है, वहां मौसम खराब है। तापमान माइनस 4 डिग्री सेलसियस है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने फौरन लोगों को रेस्क्यू करने के आदेश दिए। बचावकर्मियों के मुताबिक खराब मौसम के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आ रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन भारी बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है।

सीसीटीवी के मुताबिक यूनान प्रांत में कई पहाड़ हैं। यहां ठंड में बर्फ गिरती है। भूस्खलन के बाद पहाड़ों का मलबा निचले इलाकों में बने घरों पर गिरा। 18 घर तबाह हुए हैं। हल्की बर्फबारी अब भी जारी है। लैंडस्लाइड कैसे हुई इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है। लोगों की सुरक्षा को लेकर इस इलाके में क्या इंतजाम थे, इस बारे में भी प्रशासन ने नहीं बताया है। चीन के शीआन में भारी बारिश की वजह से लैंडस्लाइड अगस्त 2023 में 21 लोगों की मौत हो गई थी। लैंडस्लाइड और बाढ़ से एक हाईवे को भी नुकसान पहुंचा और करीब 900 घरों की बिजली गुल हो गई थी।

### इक्वाडोर में सशस्त्र आंतरिक संघर्ष मामलों में 2,763 लोग गिरफ्तार

क्विटो। इक्वाडोर में जारी सशस्त्र आंतरिक संघर्ष में हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या बढ़कर 2,763 हो गई है। इक्वाडोर सरकार ने 09 जनवरी से देश में हो रहे हमलों और हिंसा की श्रृंखला पर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में से 158 पर आतंकवाद का आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 09 से 21 जनवरी तक पुलिस और सशस्त्र बलों द्वारा किए चलाये 31,539 अभियानों में ये गिरफ्तारियां हुईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों और आपराधिक समूहों के खिलाफ कार्रवाई का उद्देश्य शांति और सुरक्षा बहाल करना है जिसकी नागरिक मांग करते हैं। इक्वाडोर में 09 जनवरी को संगठित अपराध समूहों ने युद्ध की धमकियां जारी कीं, जिससे देश के राष्ट्रपति को सशस्त्र आंतरिक संघर्ष की स्थिति घोषित करने और इन समूहों के खिलाफ सैन्य अभियान को अधिकृत करने के लिए प्रेरित किया।

### गाजा पर इजरायली बमबारी में 40 लोग मारे गए

गाजा। दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर पर सोमवार को इजरायल की ओर से किये गये लगातार बमबारी में कम से कम 40 फिलिस्तीनी मारे गए। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि शहर के पश्चिमी इलाकों पर इजरायली युद्धक विमानों और तोपखाने की ओर से हिंसक बमबारी की गई। इस दौरान फिलिस्तीनी आतंकवादियों हमास और इजरायली सेना के बीच भीषण लड़ाई हुई। उन्होंने कहा कि उन क्षेत्रों में हजारों विस्थापित फिलिस्तीनी रहते हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में फिलीस्तीनियों मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 25,295 हो गया है। मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना के हमलों में पिछले 24 घंटों के दौरान 190 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य 340 घायल हो गए हैं। बयान में कहा गया है कि इजरायल-हमास के बीच युद्ध सात अक्टूबर, 2023 को शुरू हुआ था।

### चीन में बर्फीले तूफ़ान के लिए 'येलो अलर्ट' जारी

बीजिंग। चीन के मौसम विज्ञान प्राधिकरण ने सोमवार को देश के कुछ क्षेत्रों में भारी हिमपात के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि सोमवार दोपहर से मंगलवार दोपहर तक, हुनान, जियांग्शी, झेजियांग, फ़ुज़ियान और गुआंग्शी के कुछ हिस्सों में बर्फ़ीला तूफ़ान आएगा और हिमपात दो सेमी से छह सेमी तक पहुंचने के अनुमान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, गुइझोउ, युन्नान और गुआंग्शी के कुछ हिस्सों में इस अवधि के दौरान जमने वाली बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विभाग ने यात्रियों और ड्राइवरों को बर्फीले मौसम के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी है और स्थानीय अधिकारियों से सड़क, रेलवे, बिजली और दूरसंचार के संबंध में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। चीन में चार स्तरीय, रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है। 'लाल' सबसे गंभीर मौसम का प्रतिनिधित्व करता है, उसके बाद 'नारंगी, पीला और नीला' होता है।

### मस्क ने राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन को वोट देने की संभावना से किया इनकार

वाशिंगटन। अमेरिकी उद्यमी और अरबपति एलन मस्क ने 2024 के चुनाव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के लिए मतदान करने की संभावना से इनकार किया है। मस्क ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मैं इस बार खुद को बाइडेन के लिए वोट करते हुए नहीं देख सकता। अमेरिकी अरबपति ने 2023 में सीएनबीसी को एक साक्षात्कार देते हुए अपने एक वीडियो के तहत टिप्पणी लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वह 'सामान्य ज्ञान वाले एक सामान्य व्यक्ति' को नए अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में देखना चाहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवंबर को होंगे। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत निक्की हेली रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार के रूप में नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अप्रैल 2023 में डेमोक्रेटिक पार्टी से पुनर्निर्वाचन के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की।

### गोलीबारी की घटना में पांच लोगों की मौत

कोलंबो। श्रीलंका के दक्षिणी प्रांत बेलिएट्टा में सोमवार सुबह गोलीबारी की एक घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी। श्रीलंका पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्दुवा ने कहा कि यह घटना दक्षिणी एक्सप्रेसवे पर बेलिएट्टा इंटरचेंज के पास हुई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी की घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7: 45 बजे हुयी। यह घटना उस समय घटी जब एक अज्ञात समूह ने जीप में सवार दूसरे समूह पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। पुलिस ने आशंका जतायी है कि गोलीबारी की घटना को संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों ने अंजाम दिया है। श्रीलंका ने मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 17 दिसंबर से एक अभियान शुरू किया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# 'मैं सारे राम भक्तों को नमन करती हूँ' : समाजसेवी हरिप्रिया भार्गव

## 'मोदी जी के कारण सारे सनातनियों का राम मंदिर बनते देखने का सपना साकार हुआ' : समाजसेवी हरिप्रिया भार्गव

समाजसेवी हरिप्रिया भार्गव ने पिछले कई वर्षों से ऐसे कार्य किये और पहल की शुरुआत की जिससे समाज का उद्धार हुआ। सालों से उत्तर प्रदेश में बसी हरिप्रिया भार्गव ने न सिर्फ अपने राज्य बल्कि पूरे भारत में कई ऐसे सामाजिक कार्यों को दिशा दी जिससे असंख्य लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने में सफल हुए। हरिपिया के मन में बसे धार्मिक भावों ने उन्हें समाज को बेहतर करने की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। इसी कारण अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और उद्घाटन होना हरिप्रिया के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण क्षण रहा। अपनी ख़ुशी को समाज में बसे सनातनियों और राम भक्तों के साथ साझा करने के लिए हरिप्रिया एक विशेष आयोजन किया। झाँसी, ललितपुर, चिरगांव, बबीना, महरौनी और कई शहरों और कस्बों में हरिप्रिया के सहयोग से हज़ारों राम भक्तों ने विराट एल इ डी स्क्रीन पर राम मंदिर प्रण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देखा।




इस आयोजन के विषय में बात करते हुए हरिप्रिया कहती हैं, पिछले कई दिनों से समग्र भारत में हर्षोल्लास का वातावरण था। हर सनातनी और राम भक्त अयोध्या में अपने राम लल्ला की वापसी की राह देख रहा था। 22 जनवरी 2024 इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दर्ज हो गया है। प्रभु राम के अयोध्या लौटने की जो ख़ुशी मेरे मन में थी, मैं चाहती कि वह दूसरों के साथ भी बांटूं। इसलिए मैंने यह आयोजन किया। यह दिन राम भक्तों को सदैव याद रहेगा और मैं चाहती कि वे इसकी झलकियां अच्छे से देख पाएं। हम सारे राम भक्तों ने अपने सपने को साकार होते हुए साथ देखा और यह झलकियां सदा हमारे हृदय में बसी रहेंगी।

जहाँ - जहाँ हरिप्रिया ने विराट एल इ डी स्क्रीन पर राम मंदिर प्रण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया, वहां उपस्थित सारे राम भक्तों को भोजन भी कराया गया। भोजन के अलावा उन्हें प्रसाद भी भेंट की गयी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हज़ारों परिवारों में दिए भी बांटे गए।सारा कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से आयोजित हुआ और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए हरिप्रिया को हज़ारों राम भक्तों का आशीर्वाद मिला। राम मंदिर प्रण प्रतिष्ठा के महत्व के बारे में हरिप्रिया आगे कहती हैं, मोदी जी के कारण सारे सनातनियों का राम मंदिर बनते देखने का सपना साकार हुआ। तीस साल पहले मोदी जी इस उपक्रम के सारथी थे। आज वह राम भगवान् के मंदिर के प्रण प्रतिष्ठान में यजमान बने। मोदी जी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दाल और सारे सनातनी संगठनों के कारण हम आज यह दिन देख पा रहे हैं। मैं इन सबका आभार प्रकट करती हूँ और सारे राम भक्तों को नमन करती हूँ। राम मंदिर के पुन: निर्माण में जिन्होंने अपना बलिदान दिया, उन्हें मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पण करती हूँ। मैं सर्वोच्च न्यायालय और न्यायाधीशों का आभार प्रकट करती हूँ जिनके कारण सत्य उजागर हुआ और सत्य की जीत हुई। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एक ऐतिहासिक और गौरवान्वित अवसर है।

भारत को प्रगति पथ पर आगे बढ़ते रहने के लिए सारे सनातनियों का एकजुट होना आवश्यक है। हम सब एक होंगे तो भारत का भविष्य भी उज्जवल होगा। जात - पात से ऊपर उठ कर, एक हो कर मैत्रीपूर्ण भाईचारे से हमें आगे बढ़ना है।

# 25 जनवरी को रिलीज़ होगा 'आर्टिकल 370' का टीज़र




**अनिल बेदाग, मुंबई**

बहुप्रतीक्षित फ़िल्म आर्टिकल 370 का टीज़र गणतंत्र दिवस पर रिलीज़ हो रही फ़िल्म फ़ाइटर के साथ हर बड़े पर्दे पर दिखाए जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। यामी गौतम अभिनित यह फ़िल्म एक एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। आर्टिकल 370 का टीज़र रिलीज़ होते ही यह फ़िल्म लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। जबसे यह फ़िल्म का टीज़र डिजिटल मीडिया पर रिलीज़ किया गया है, तबसे ही यह इंटरनेंट पर धूम मचाए हुए है और अब दुनिया भर के दर्शक 25 जनवरी को सिनेमाघरों में इस टीज़र का आनंद उठाएंगे।

टीज़र में यामी गौतम और प्रियामणि के दमदार अभिनय ने पहले से लोगों की उम्मीदों को बढ़ा रखा है 7 फ़िल्म के टीज़र का %फ़ाइटर% के साथ बड़े स्क्रीन पर प्रीमियर किया जाना इस प्रत्याशा को बरकरार रखेगा। आर्टिकल 370 के दिलचस्प बैकग्राऊंड पर आधारित, यह टीज़र घटनाओं के एक रोमांचक क्रम और अविश्वसनीय परिस्थितियों की एक अनूठी झलक पेश करता है, जिसके कारण आर्टिकल 370 को अप्रभावी बनाने का अभूतपूर्व और ऐतिहासिक परिणाम सामने आया।

उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक के मेकर, आदित्य धर की अगली क्रिएशन आर्टिकल 370 एक ऐसी फ़िल्म है जिसमें कभी न देखा गया एक्शन और पॉलिटिक्स देखने को मिलेगा। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक आदित्य सुहास जांभले के साथ मिलकर, एक दमदार कहानी, अनुभवी निर्देशन और एक पावरहाउस कलाकारों के कॉम्बिनेशन के साथ आर्टिकल 370 थ्रिलिंग सिनेमैटिक अनुभवों से भरपूर होगा।

जियो स्टूडियोज़ और उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक के मेकर की ओर से, आर्टिकल 370 एक हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है, जिसमें अभिनेत्री यामी गौतम अहम भूमिका में नज़र आ रही हैं और इसका निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जांभले ने किया है।

## शार्ट न्यूज

### अमरीश सिंह और राधा सिंह की भोजपुरी फिल्म 'राम जी की कृपा से' का मुहूर्त



अंजलि एंटरटेनमेंट और श्री यश फिल्म इंटरनेशनल के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म राम जी की कृपा से का मुहूर्त मुंबई में किया गया। फिल्म एक्शन और कॉमेडी से भरपूर है फिल्म की पूरी शूटिंग उत्तर प्रदेश में की जायेगी है। फिल्म में कुल सात गाने है। मोहन राठौर और प्रियंका सिंह की आवाज मे फिल्म में एक से बढ़कर एक गाने है जो सभी लोगो को पसंद आएगी। इस फिल्म के निर्माता चंद्रभूषण तिवारी - नरेश प्रजापति ,निर्देशक राज राजावत ,संगीत भरत चौहान ,लेखक राकेश मिश्रा ,छायांकन कुणाल जेना, सह निर्माता संतोष प्रजापति और प्रचारक संजय भूषण पटियाला है। फिल्म के कलाकार है - अमरीश सिंह,राधा सिंह,अमर राजा,अनुपम अरोड़ा,पूजा प्रजापति,धनंजय ऑटी,अभय झा,अकबर खान,रामाशीष गुप्ता,प्रेम सोनार है।

### भोजपुरी फिल्म जॉन जानी जनार्दन फर्स्ट लुक आउट




उरीयल मोशन पिक्चर के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म जॉन जानी जनार्दन का आज मुंबई में फर्स्ट लुक आउट किया गया। फिल्म एक्शन और कॉमेडी से भरपूर है फिल्म की पूरी शूटिंग सोनभद्र में की गई है। फिल्म में कुल सात गाने है। अब यह फिल्म बनकर तैयार है जल्द ही प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म में एक से बढ़कर एक गाने है जो सभी लोगो को पसंद आएगी। इस फिल्म के निर्मता जनार्दन प्रशाद यादव ,निर्देशक इंद्रजीत सिंह पाजी ,संगीत सावन कुमार ,गीत पिंटू गिरी अजित मंडल ,संतोष उत्पति ,लेखक सच्चिदानंद कवच ,छायांकन रमेश कुमार ,डांस अशोक मइती,सह निर्माता दया शंकर पाल और प्रचारक संजय भूषण पटियाला है। फिल्म के कलाकार है - इंद्रजीत सिंह पाजी,विशाल गंगन ,शीत गोविन्द ,पलक तिवारी ,खुशबू विश्वकर्मा,श्रेया चौरसिया ,संजना सिल्क ,चंदन सिंह और गिरीश शर्मा है।

### प्रभु श्रीराम को समर्पित 'मेरे राम' का हुआ प्रमोशन, भक्त हुए भाव विभोर




लखनऊ । संगीत साधना केंद्र में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 'मेरे राम' भजन का प्रमोशन किया गया। इस भजन को डा. अंजनी कुमार मिश्र ने गाया है। उन्होंने ही लिखा भी है और संगीत निर्देशन भी उन्होंने ही किया है। इसकी प्रस्तुति को देखकर भक्त भाव विभोर हो गये। गोमती नगर विस्तार में सीएमएस के पास स्थित संगीत साधना केंद्र का उद्घाटन भी सोमवार को ही हुआ। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक मिनाक्षी मिश्रा ने कहा कि संगीत की विद्यार्थियों के लिए बहुत ही सुंदर संस्था खोला गया है। यहां संगीत की विधिवत शिक्षा , शास्त्रीय गायन, उप शास्त्रीय गायन,भजन, ग़ज़ल, फिल्मी गीत, गिटार, हारमोनियम,तबला, कि बोर्ड एवं सभी कोर्स सिखाई जाएगी। इस अवसर पर भक्ति धुन से संगीत साधना केंद्र की शुरूआत की गयी। इस उद्घाटन के अवसर पर विशेष सचिव मेडिकल शिक्षा प्रकाश गुप्ता, एवं पत्नी अनुमेहा गुप्ता, एस पी बबिता जैन, रश्मि उपाध्याय, डॉ0 धर्मेन्द्र भदौरिया (किडनी विशेषज्ञ, पीजीआई), अनिरुद्ध, हेड ऑफिसर इंडियन ऑयल आदि उपस्थित थे।

### फायरस्टोन ने अपना अत्याधुनिक रोडहॉक 2 ज़ेड टायर लॉन्च किया




मुंबई । फ़ायरस्टोन, एक वैश्विक ब्रांड, जिसकी 120 साल पुरानी विरासत है, ने आज अपना - फ़ायरस्टोन रोडहॉक 2ज़ेड पेश किया है, जो अगली पीढ़ी का टायर है और इसे शानदार स्थानीय और उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ बनाया गया है। 5 वर्ष की वारंटी के साथ समर्थित, यह टायर नई उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इस टायर में अपूर्व प्रदर्शन, बेहतर सुरक्षा, श्रेष्ठ माइलेज और उत्कृष्ट ब्रेकिंग क्षमताएँ मिलती हैं। मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी श्री राजर्षि मोइत्रा ने कहा कि हमारे लिए यह एक गर्व का क्षण है कि हमने अमेरिका के प्रतिष्ठित टायर ब्रैंड को पेश करने का निर्णय लिया। हम यकीन रखते हैं कि रोडहॉक 2ज़ेड ग्राहकों और हमारे चैनल पार्टनर्स के बीच अच्छी स्वीकार्यता प्राप्त करेगा।

### जो मूर्ति पत्थर की थी आज प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान का रूप ले लेगी: अखिलेश यादव

लखनऊ। (पी एम ए) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, उनका कहना है कि, मर्यादा पुरूषोत्तम राम की विचारधारा में जो लोग विश्वास करते है, वहीं भगवान राम के बड़े भक्त होते है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, आज हम सब समाजवादी लोग जनेश्वर मिश्र जी को याद करते हैं। पूरे जीवन भर जनेश्वर जी गरीब, पिछड़े, दलित, जिनका जीवन अभाव में रहा उनके लिए संघर्ष करते रहे। उन्होंने हमेशा समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाया। भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का जो कार्यक्रम है, जो मूर्ति पत्थर की थी आज प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान का रूप ले लेगी। भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम राम कह गए। जो मर्यादा पुरुषोत्तम जी ने रामराज्य की कल्पना की थी जहां गरीब दुःखी ना रहे, नौजवान खुशहाल हो आगे बढ़े और सब प्रसन्न हो, उस रास्ते पर चलेंगे सब।

### प्राइवेट स्कूलों में नि:शुल्क शिझा देने हेतु प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

गाजीपुर ।(पीएमए)शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आर टी ई ) गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में फ्री एडमिशन का अधिकार देता है। इसके तहत 20 जनवरी 2024 से शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आवेदन प्रक्रिया आनलाइन है। ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक rtewz.upsdc.gov.in वेबसाइट पर जाना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 18 फरवरी निर्धारित है। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भी आदेश जारी करते हुए कहा है कि आवेदन के सत्यापन से लेकर एडमिशन तक सभी प्रक्रिया समय से पूरी की जाये ताकि बच्चों की समय से पढ़ाई शुरू हो सके उनका साल बर्बाद न होने पाये।

## राहुल की न्याय यात्रा पर स्मृति ईरानी ने कहा- बरसात आने पर बाहर निकल आते हैं मेंढक

नई दिल्ली । (पी एम ए) केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर सोमवार को हमला करते हुए उनकी तुलना बरसाती मेंढक से कर दी। अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के दौरे पर आई स्मृति ईरानी ने संवाददाताओं से बातचीत में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन पर तंज करते हुए कहा, जब बरसात आती है तो छोटे-छोटे मेंढक निकल आते हैं। उसी तरह अब चुनाव आ रहा है तो लोग आयेंगे और जायेंगे। उन्होंने कहा कि बरसात जाते ही यह मेंढक गायब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव आ रहा है तो यह लोग आए हैं और उसके बाद चले जाएंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 14 जनवरी से मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। उनकी यह यात्रा उत्तर प्रदेश से भी गुजरेगी और महाराष्ट्र में संपन्न होगी। स्मृति ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कहा, आज राम भक्तों के लिए ऐतिहासिक दिन है। लगभग 500 साल तक राम भक्तों ने धैर्य दिखाया। जिन भक्तों ने धैर्य और मर्यादा का प्रमाण दिया मैं उनको प्रणाम करती हूं। आज राम भक्तों का सपना साकार हो रहा है। कांग्रेस के अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होने से जुड़े एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिसकी जैसी मति है वैसा ही उसका कर्म। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अंधेरे के सिवा कुछ ना दिया हो उनसे और उम्मीद ही क्या की जा सकती है?

# पूरी हुई राम भक्तों की 500 वर्षों की अभिलाषा

**कपिल शर्मा । गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। सोमवार को अयोध्या में राम भक्तों की पांच सौ वर्षों की अभिलाषा पूरी हुई। अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पांच यजमानों ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पूरा किया। पीएम ने कहा- सदियों के बाद आज हमारे राम आ गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कहा- राम आग नहीं ऊर्जा हैं, विवाद नहीं समाधान हैं, पीएम ने भगवान श्री राम के पावन पल को अगले एक हजार वर्ष तक की नींव रखने वाला बताया। रामलला के मंदिर से प्रधानमंत्री ने विरोधियों पर भी वार किया और कहा- कुछ लोग कहते थे राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी, लेकिन राम



मंदिर का निर्माण भारतीय समाज की शान, धैर्य, आपसी सद्भाव और संमुदर का प्रतीक है। पीएम मोदी प्राण प्रतिष्ठा के बाद कुबेर जिला स्थित शिव मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की और जटायु की मूर्ति पर फूल चढ़ाए और मंदिर निर्माण के कर्मवीरों पर पुष्प वर्षा कर प्रधानमंत्री ने उनका सम्मान किया।

अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत, मूर्तिकार अरुण योगीराज समेत साधु-संत और देश के करीब हर हस्तियों ने भाग लिया, सभी ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सराहा, कार्यक्रम में तमाम लोग भावुक हुए। तमाम केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यपालों और मुख्य मंत्रियों ने भी अलग- अलग जगहों पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर राम की पैड़ी से लेकर हरि की पौड़ी तक देश ने दिवाली मनाई और हजारों दियों से जगमग हुए घाट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने घर पर श्री राम ज्योति जलाई। पावन अवसर पर दीपक जलाकर लोगों ने खुशीयां मनाई और हर गांव, हर शहर में दीपक जलाए गए। साथ ही इस दिन देश ही नहीं दुनिया भर में हर्ष का माहौल देखने को मिला। दुनिया के तमाम हिस्सों में राम भक्तों ने रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दिखाई , नेपाल के जनकपुर में भी भव्य रूप से मां जानकी का मंदिर सजाया गया और दीपोत्सव मनाया गया।

रामोत्सव पर न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कावयर पर लड्डू बांटे गए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लौटकर पीएम ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का ऐलान किया। अब एक करोड़ घरों में रूफ सोलर लगेगा। पीएम ने कहा - प्राण प्रतिष्ठा के शुभ -अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त्र हुआ कि भारतवासियों की छत पर उनका अपना होगा रुफ टॉप सौलर जिससे कई घर जगमग होंगे।

# प्राण प्रतिष्ठा पर धार्मिक कार्यक्रम की अनुमति न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को लगाई फटकार

नई दिल्ली। (पी एम ए) सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर हिंदू निवासियों की कम संख्या के आधार पर अन्नदानम (विशेष भिक्षा) आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार करने पर फटकार लगाई। गाँव में मुख्य रूप से ईसाई निवास करते हैं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी से कहा, हम यह स्पष्ट कर रहे हैं कि आप (राज्य सरकार) इस कारण से घटनाओं को अस्वीकार न करें। हां, अगर कानून-व्यवस्था की स्थिति हो तो आप नियमन कर सकते हैं। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम अनुमति न दिए जाने का कारण जानना चाहते हैं। यदि यही कारण बताया जाएगा, तो आप समस्या में पड़ जाएंगे।

पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि द्रमुक के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने पूरे तमिलनाडु के सभी मंदिरों में राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के सीधे प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया है और सभी प्रकार की पूजा, अर्चना, इस अवसर पर अन्नदानम (गरीब भोजन) और भजन पर भी प्रतिबंध लगा दिया है।

याचिका में डिंडीगुल जिले के पुलिस उपाधीक्षक द्वारा 20 जनवरी को पारित एक आदेश संलग्न किया गया है, जिसमें श्री भगवतीअम्मन मंदिर को अन्य बातों के साथ-साथ इस आधार पर विशेष भिक्षाटन (अन्नदानम) आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था कि ए. वेल्लोडु गांव का क्षेत्र मुख्य रूप से ईसाइयों द्वारा बसा हुआ है और हिंदू निवासियों की कम संख्या के कारण, सार्वजनिक शांति और नैतिकता से संबंधित सांस्कृतिक संवेदनशीलता या कानूनी जटिलताओं का सामना करने की संभावना है। न्यायमूर्ति दत्ता ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, अगर यह आदेश पूरे तमिलनाडु में लागू किया जाएगा, तो जहां भी अल्पसंख्यक हैं, वे कभी भी प्रार्थना सभा नहीं कर पाएंगे। याचिका पर नोटिस जारी करते हुए शीर्ष अदालत ने अतिरिक्त महाधिवक्ता द्वारा दिए गए मौखिक बयान को दर्ज किया कि अयोध्या में भगवान राम की 'प्राण प्रतिष्ठा' के शुभ अवसर पर किसी भी धार्मिक अनुष्ठान के सीधे प्रसारण और आयोजन पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार के अधिकारियों को अनुमति मांगने वाले आवेदन पर कानून के अनुसार निर्णय लेने और अस्वीकृति के मामलों में कारण दर्ज करने का आदेश दिया। इसमें कहा गया है, अधिकारी प्राप्त आवेदनों और ऐसे आवेदनों को अनुमति देने और अस्वीकार करने के लिए दिए गए कारणों के संबंध में डेटा भी बनाए रखेंगे। मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को होने की संभावना है।

# काशी की पहचान बाबा विश्वनाथ व मां गंगा से है : रविंद्र जायसवाल

वाराणसी। (पीएमए) उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने काशी विरासत संरक्षण समिति की ओर से काशी वंदन कार्यक्रम का सोमवार को नमो घाट पर विधिवत शुभारंभ किया। काशी आने वाले पर्यटको को काशी की संस्कृति से अवगत कराए जाने के लिए यहां पर रोजाना दैनंदिनी सांस्कृतिक संध्या के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मंत्री रविंद्र जायसवाल ने काशी वंदन कार्यक्रम की शुरुआत के आज के दिन अद्भुत है, इसलिए जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से करते हुए कहा कि काशी की पहचान बाबा विश्वनाथ व मां गंगा से है।

यहां पर तमाम सांस्कृतिक घराना है। विश्वप्रसिद्ध कलाकारों का शहर है, वाराणसी। उन्होने कहा कि आज काशी के नमो घाट पर काशी वंदन कार्यक्रम का शुरुआत किया गया है। अब यहां पर प्रतिदिवस चैती, ठुमरी, भोजपुरी संगीत गुजेगी।

उन्होने विशेष रूप से कहा कि त्रिलोक न्यारी, भगवान शिव की प्यारी भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में सुविख्यात काशी, प्राचीन काल से ही धर्म, दर्शन, अध्यात्म, शिक्षा, कला, साहित्य एवं संगीत के क्षेत्रों में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती आ रही है। काशी की संगीत परंपरा अत्यंत प्राचीन है, जिसमें गायन, वादन, नर्तन की विभिन्न शैलियों के प्रणेता विद्वान एवं कलाविदों के रूप में काशी के महान व्यक्तियों ने अनेकों कीर्तिमान स्थापित कर काशी के गौरव को बढ़ाया है।

## जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों एवं प्राण प्रतिष्ठा वाले मंदिरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का लिया जायजा

बलिया । (पीएमए) पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा संग जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को शहरी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी सर्वप्रथम भृगु मंदिर के सामने बन रहे राम जानकी मंदिर के संयोजक से प्राण प्रतिष्ठा और वहां होने वाले भंडारे वितरण कार्यक्रम आदि के बारे में जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी ने बालेश्वर मंदिर, भृगु मंदिर सहित अन्य मंदिरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी मंदिरों पर लोगों की भीड़ भाड़ और भक्तिमय गीत बज रहे थे और लोग दर्शन पूजन कर आशीर्वाद ले रहे थे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को मंदिर समिति द्वारा नियुक्त वॉलिंटियर्स से सामंजस्य स्थापित कर शहर के भीड़भाड़ और संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी प्रकार लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके बाद हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में राज्य सभा सांसद नीरज शेखर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव की उपस्थिति में अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण दिखाया गया। रामलला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होते ही हनुमानगढ़ी मंदिर जय श्री राम के नारे,मंदिरों के घंटे, शंखनाद और मंदिर के बाहर पटाखों की आवाज से से गूंज उठा। मंदिर समिति द्वारा लाइव प्रसारण में उपस्थित सांसद, जिलाधिकारी सहित अन्य सभी प्रमुख लोगों को अंगवस्त्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर जिलाधिकारी ने मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने कथित तौर पर अयोध्या राम मंदिर का प्रसाद मुफ्त में देने वाली वेबसाइट को निलंबित किया

नई दिल्ली। (पी एम ए) दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को 'खादी ऑर्गेनिक' नाम की वेबसाइट को निलंबित करने का आदेश जारी किया, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुद को गलत तरीके से अयोध्या राम मंदिर प्रसाद वितरण की आधिकारिक वेबसाइट के रूप में पेश कर रही थी।

कथित तौर पर अयोध्या में राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से मुफ्त प्रसाद की पेशकश करने वाली वेबसाइट को जनता की धार्मिक भावनाओं से खेलते पाया गया।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि वेबसाइट ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की सद्भावना का फायदा उठाया, जो कपड़ा विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक




वैधानिक निकाय है।

अदालत ने कहा कि वेबसाइट ने केवीआईसी के साथ साझेदारी की आड़ में लोगों से पैसे ट्रांसफर कराने के लिए धोखा दिया।

मुकदमे में आरोप लगाया गया कि वेबसाइट ने भारतीय और विदेशी ग्राहकों को यह विश्वास दिलाकर गुमराह किया कि वे एक फॉर्म भरकर क्रमश: 51 रुपये और 11 डॉलर का भुगतान करके अयोध्या राम मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं।

अदालत ने वेबसाइट के मालिकों को केवीआईसी के पंजीकृत खादी चिह्न के समान या भ्रामक रूप से समान चिह्न वाले किसी भी सोशल मीडिया पेज को हटाने का निर्देश दिया।

इसके अतिरिक्त, मालिकों को खादी ऑर्गेनिक चिह्न या किसी अन्य चिह्न के तहत सामान या सेवाएं बनाने, बेचने या पेश करने से रोक दिया गया है जो खादी चिह्न का उल्लंघन कर सकता है या उसकी तरह लग सकता है।

न्यायमूर्ति नरूला ने कहा कि वेबसाइट मालिकों ने वादा किए गए प्रसाद को भेजने की पुष्टि रसीद या सबूत प्रदान किए बिना जनता से गलत तरीके से धन एकत्र किया था।

केवीआईसी ने खादी ऑर्गेनिक के संस्थापक आशीष सिंह और कंपनी मेसर्स ड्रिलमैप्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दायर किया।

अदालत ने पाया कि खादी ऑर्गेनिक चिह्न में गलत तरीके से खादी ट्रेडमार्क शामिल किया गया, जिससे प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ संबद्धता की गलत धारणा पैदा हुई।

अदालत ने आदेश देते समय कहा कि वादी अपने पक्ष में प्रथम दृष्टया मामला प्रदर्शित करने में सक्षम है, और यदि एक पक्षीय अंतरिम निषेधाज्ञा नहीं दी गई, तो वादी को अपूरणीय क्षति होगी; सुविधा का संतुलन भी वादी के पक्ष में और प्रतिवादी संख्या 1 और 2 के विरुद्ध है।